RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 | अंक-285 | जयपुर, शनिवार, 11 अप्रैल 2026 | मूल्य-4 रुपये

### ईरान-अमेरिका के बीच इस्लामाबाद में सीजफायर पर शांति वार्ता

# ट्रंप और नेतन्याहू के बयानों से संशय बरकरार

## अमेरिका और ईरान में वार्ता के दौरान होर्मुज स्ट्रेट पर मतभेद

वाशिंगटन



पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच जारी सीजफायर वार्ता का दूसरा दौर जारी है। पहला राउंड 2 घंटे तक चला था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान ईरान ने लेबनान पर तुरंत इजराइली हमले रोकने की मांग की। इस बैठक में एक्सपर्ट्स ने सुरक्षा, राजनीति, सेना, अर्थव्यवस्था और कानून से जुड़े मुद्दों पर बात की। अमेरिका की तरफ से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, जबकि ईरान की तरफ से संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने नेतृत्व किया। यह मीटिंग आज भी जारी रह सकती है। 47 साल पहले यानी 1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद ये पहली बार था जब दोनों देश के नेताओं ने इतने बड़े स्तर पर आमने-सामने बातचीत की।

इससे पहले ईरान ने कहा था कि अगर इस्लामाबाद में चल रही बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंची, तो सिर्फ इजराइल को दोष नहीं दिया जा सकता। इजराइल और अमेरिका के फैसले जुड़े हैं, इसलिए वार्ता फेल होने पर जिम्मेदारी अमेरिका पर भी होगी।

### प्लेन में बच्चों की तस्वीरें रखकर पहुंचे गालिबाफ

गालिबाफ ने इस्लामाबाद पहुंचने के बाद एक्स पर एक फोटो शेयर की। इसमें विमान की सीटों पर चार बच्चों की तस्वीरें रखी हैं, जिनके साथ उनके खून से सने स्कूल बैग और जूते रखे हैं और फूल भी रखा है। ईरानी शहर मिनाब में जंग के पहले ही दिन 28 फरवरी को एक प्राइमरी स्कूल पर हमला हुआ था, जिसमें 168 लोगों की मौत हुई थी। इनमें बच्चे और स्कूल का स्टाफ भी शामिल था। इस हमले का आरोप अमेरिका और इजराइल पर लगाया गया था। अमेरिका ने कहा कि वे इस हमले की जांच कर रहे हैं।

ईरान की तस्नीम एजेंसी के मुताबिक, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत जारी है और दोनों पक्ष समझौते की कोशिश कर रहे हैं। इसके लिए लगातार संदेशों का आदान-प्रदान हो रहा है, लेकिन अभी तक पूरी सहमति नहीं बन पाई है।

होर्मुज स्ट्रेट का मुद्दा सबसे बड़ा विवाद बना हुआ है। इसी वजह से बातचीत आगे बढ़ने में दिक्कत आ रही है। फिर भी दोनों देश बातचीत जारी रखे हुए हैं।

### ट्रंप ने होर्मुज खोलने का किया दावा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट खोलने का दावा किया है। इसके साथ ही ट्रंप ने फिर से दोहराया कि जंग में ईरान की बुरी तरह हार हुई है। उसकी सेना पुरी तरह खत्म हो चुकी है। उधर, ईरान ने दावा किया कि '30 मिनट' की चेतावनी के बाद अमेरिकी जंगी जहाज़ होर्मुज़ जलडमरूमध्य से वापस लौट गया है।

### ईरान ने दावा खारिज किया

ईरान की सेना ने अमेरिका के दावे को खारिज किया है। उसका कहना है कि ईरान ने एक अमेरिकी सैन्य जहाज को चेतावनी देकर वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। दोनों पक्षों के दावों में फर्क है, लेकिन इतना साफ है कि होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव अभी भी बना हुआ है। यह समुद्री रास्ता दुनिया में तेल सप्लाई के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है।

### ईरान का आरोप- अमेरिकी मीडिया दोहरा रवैया अपना रहा

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने अमेरिकी मीडिया पर दोहरा रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ अमेरिका ईरान पर ईमानदारी की कमी का आरोप लगाता है, वहीं दूसरी तरफ वहां कुछ लोग खुलेआम ईरानी प्रतिनिधियों को मारने जैसी बातें कर रहे हैं। बघाई ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में वॉशिंगटन पोस्ट में छपे एक लेख का जिक्र किया, जिसमें कहा गया था कि ईरान के नेताओं को यह समझना चाहिए कि उनकी जान समझौते पर निर्भर करती है।

### नेतन्याहू तुर्किये पर भड़केः ईरान में और हमले की धमकी दी

पाकिस्तान में अमेरिका-ईरान वार्ता से पहले इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि उनका देश ईरान व उसके सहयोगियों के खिलाफ लड़ाई को जारी रखेगा। उन्होंने तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि वह उन्हें सहारा देते हैं। उन्होंने अपने ही कुर्द नागरिकों का नरसंहार किया है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक्स पर लिखा, मेरे नेतृत्व में इस्राइल ईरान की आतंकी सरकार और उसके सहयोगियों के खिलाफ लड़ाई जारी रखेगा।

# मोदी-राहुल संसद परिसर में मिले, हाथ जोड़कर अभिवादन किया



## महात्मा फुले जयंती कार्यक्रम के बाद बातचीत की

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राहुल गांधी की आज संसद परिसर में हुई मुलाकात की एक बेहद खास तस्वीर सामने आई है। मौका था प्रेरणा स्थल पर महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का। इस दौरान कैमरे में एक तस्वीर ऐसी कैद हो गई, जो कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता से इतर नेताओं के अलग-अलग मौकों पर साथ आने की भी परिचायक बनी।

दरअसल, हुआ कुछ यूं कि जब प्रधानमंत्री मोदी अपनी गाड़ी से कार्यक्रम स्थल पहुंचे तो बाहर ही लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, स्वास्थ्य मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता जगत प्रकाश नड्डा, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कई नेता पास ही खड़े थे। प्रधानमंत्री ने उतरते ही इन सभी नेताओं का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। जवाब में इन नेताओं ने भी हाथ जोड़कर पीएम का स्वागत किया।

मोदी ने इस बीच राहुल गांधी से कुछ सेकंड्स के लिए चर्चा की। करीब एक मिनट तीस सेकंड के वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पीएम मोदी और राहुल के बीच हल्के मूड में बातचीत हुई। बाद में पीएम और राहुल गांधी समेत इन सभी नेताओं ने उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का स्वागत किया। सभी नेताओं ने इसके बाद बारी-बारी से महात्मा फुले को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

# अंता नगरपालिका के सहायक अभियंता के पास 3.70 लाख की संदिग्ध नकदी जब्त

जयपुर



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए बारां की अंता नगर पालिका में पदस्थापित सहायक अभियंता महेन्द्र सिंह के कब्जे से 3 लाख 70 हजार रुपये की संदिग्ध नकदी जब्त की है। कार्रवाई एसीबी की करौली इकाई द्वारा आकस्मिक चेकिंग के दौरान की गई।

एसीबी डीजी गोविन्द्र गुप्ता ने बताया मुख्यालय को मिली गोपनीय सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। सूचना में बताया था कि सहायक अभियंता महेन्द्र सिंह बड़ी मात्रा में अवैध राशि लेकर हिण्डौन सिटी (करौली) जाने वाले हैं। सूचना पर एसीबी के उपमहानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के निर्देशन में करौली इकाई के पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज ने बयाना रोड, हिंडौन सिटी पर आकस्मिक चेकिंग की। इस दौरान महेन्द्र सिंह के पास से 3.70 लाख रुपये की नकदी बरामद की गई। पूछताछ के दौरान अधिकारी उक्त राशि के संबंध में कोई ठोस सबूत या संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद एसीबी ने राशि को जब्त कर लिया और मामले में विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

# कटिहार सड़क हादसे में 13 की मौत, 32 घायल

## बस ने पिकअप को उड़ाया, सड़क पर बिखरीं लाशें

## मरने वालों में एक ही परिवार के 5 लोग

कटिहार



बिहार के कटिहार जिले के कोढ़ा प्रखंड में शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। एनएच-31 पर डागपुर बकरी फार्म के पास एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर कई लोगों को कुचलती चली गई। इस भीषण हादसे में अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 30 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह यात्री बस पूर्णिया से भागलपुर की ओर जा रही थी। बस में काफी संख्या में यात्री सवार थे। जैसे ही बस डागपुर बकरी फार्म के पास पहुंची, अचानक चालक ने नियंत्रण खो दिया और सड़क पर जा रहे दो बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे के बाद चालक बस को लेकर भागने की कोशिश करने लगा। इसी दौरान उसने एक पिकअप वाहन को भी टक्कर मार दी, जिससे स्थिति और भयावह हो गई। बस की रफ्तार और अनियंत्रित स्थिति के कारण सड़क पर मौजूद कई लोग इसकी चपेट में आ गए।

हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य में जुट गए। घायलों को आनन-फानन में नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

इस हादसे में एक मृतक महिला की पहचान हो सकी है। मृतक महिला 35 वर्षीय चिंतामणी महतो पूर्णिया की रहने वाली हैं। जो कोढ़ा के बड़हरा कोठी अपने रिश्तेदार के यहां आयी थी। बाकी के नौ मृतकों की पहचान के लिए पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। उसी तरह से घायलों की भी अब तक पहचान नहीं हो सकी है। चारों तरफ अफरा-तफरी का महौल कायम है। घटना की सूचना मिलते ही कोढ़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही हादसे के कारणों की जांच भी की जा रही है।

# आरपीएससी के सेक्शन ऑफिसर को मिली गोली मारने की धमकी

## पीड़ित ने महिला सहित कई लोगों पर परेशान करने के लगाए आरोप

अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग के सेक्शन ऑफिसर प्रवीण कुमार को टेलीग्राम के जरिए जान से मारने की धमकी मिली है। जिसके बाद पीड़ित अधिकारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए सुरक्षा की गुहार लगाई है।

शिकायत में पीड़ित ने एक महिला समेत कई लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। प्रवीण कुमार के मुताबिक, आरोपी महिला का परिचित बताया जा रहा है। उसने मैसज के जरिए लिखा कि वो मेरी जान है, गोली मार दूंगा। फिलहाल पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

पीड़ित अफसर ने महिला की ओर से प्रताड़ित करने के आरोप लगाते हुए सिविल लाइन थाने में शिकायत दी है। आरोप है कि अज्ञात व्यक्ति उसे टेलीग्राम पर मैसेज कर धमका रहा है।

वहीं दूसरी तरफ पहले वह महिला सेक्शन ऑफिसर प्रवीण कुमार समेत 10 लोगों पर प्रताड़ना का आरोप लगा चुकी है।

पीड़ित सेक्शन ऑफिसर प्रवीण मीणा ने थाने में शिकायत देकर बताया कि वह राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर में अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं।

# मतदान और चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक नहींः सुप्रीम कोर्ट

## राजस्थान हाईकोर्ट का फैसला किया रद्द

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि न तो मतदान का अधिकार और न ही चुनाव लड़ने का अधिकार मौलिक अधिकार है। शीर्ष अदालत ने कहा कि ये दोनों अधिकार अलग-अलग हैं और पूरी तरह कानून (स्टैच्यूट) से संचालित होते हैं, न कि संविधान के तहत मौलिक अधिकार के रूप में।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने यह टिप्पणी राजस्थान के जिला दुग्ध संघों के चुनाव से जुड़े एक विवाद की सुनवाई के दौरान की। यह फैसला न्यायमूर्ति महादेवन ने लिखा। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि मतदान का अधिकार व्यक्ति को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर देता है, जबकि चुनाव लड़ने का अधिकार एक अलग और अतिरिक्त अधिकार है, जिस पर योग्यता, अयोग्यता और अन्य संस्थागत शर्तें लागू की जा सकती हैं।

कोर्ट ने ज्योति बसु बनाम देवी घोषाल (1982) और जावेद बनाम हरियाणा राज्य (2003) जैसे पुराने फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि ये अधिकार केवल कानून द्वारा दिए गए हैं और इन्हें उसी सीमा तक लागू किया जा सकता है, जितना कानून अनुमति देता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट ने मतदान और चुनाव लड़ने के अधिकार को एक समान मानकर गलती की।

# आशा भोंसेले को दिल का दौरा

मुंबई।

जानी-मानी पार्श्व गायिका आशा भोसले को कथित तौर पर दिल का दौरा पड़ने के बाद मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहाँ वे फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में हैं। सूत्रों ने बताया कि 92 वर्षीय गायिका की हालत स्थिर है और डॉक्टरों की एक टीम उनकी सेहत पर करीब से नज़र रख रही है। इस खबर से उनके प्रशंसकों और फिल्म व संगीत जगत से जुड़े लोगों में चिंता फैल गई है।

भोसले को भारत की सबसे प्रतिष्ठित और बहुमुखी पार्श्व गायिकाओं में से एक माना जाता है। उन्होंने कई भारतीय भाषाओं के साथ-साथ कुछ विदेशी भाषाओं में भी हज़ारों गाने रिकॉर्ड किए हैं, और शास्त्रीय व लोक संगीत से लेकर पॉप, कैबरे और ग़ज़ल तक, विभिन्न शैलियों में अपनी ज़बरदस्त अनुकूलन क्षमता का प्रदर्शन किया है। आर. डी. बर्मन और ओ. पी. नैयर जैसे संगीतकारों के साथ उनके सहयोग से हिंदी सिनेमा के कुछ सबसे यादगार गाने बने, जिन्होंने पीढ़ियों तक बॉलीवुड संगीत के स्वरूप को फिर से परिभाषित करने में मदद की।

# सीजेआई बोले- इकॉनोमी में कानून की भूमिका अहम

### भारत केवल पूंजी या पॉलिसी के दम पर 10 ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी नहीं बन सकता

नई दिल्ली



सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है।

जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 'रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है।

सीजेआई ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना- ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं।

उन्होंने कहा कि निवेशक सबसे पहले ये देखते हैं कि जिस देश में वे पैसा लगा रहे हैं, वहां का कानून आगे भी ईमानदार, स्थिर और भरोसेमंद रहेगा या नहीं।

### मुख्यमंत्री ने हिण्डोली में 70 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास-लोकार्पण

# रामसागर झील को बनाएंगे पर्यटन का केन्द्रः मुख्यमंत्री

## महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले का बनेगा पेनोरमा

जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हर गांव-हर घर तक विकास की किरण पहुंचे और हर व्यक्ति को उसका हक मिले, यह हमारी सरकार का संकल्प है। डबल इंजन की सरकार राजस्थान में सभी वर्गों के विकास के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से काम कर रही है। सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों को विकास के लिए पर्याप्त बजट भी दिया है।

शर्मा शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर बूंदी के हिण्डोली में विकास कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने सामाजिक समानता के लक्ष्य को लेकर शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने शिक्षा की अलख जगाई और सबसे पहले अपनी धर्मपत्नी सावित्री बाई फुले को शिक्षित बनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले एक वर्ष तक महात्मा ज्योतिबा फुले की द्विशताब्दी जयंती मनाने की पहल की है। उन्होंने कहा कि बांदीकुई की धरती से प्रदेश के प्रत्येक ब्लॉक में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'सावित्री बाई फुले ई-लाइब्रेरी' की स्थापना एवं समस्त जिलों में 'महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श विद्यालय' स्थापित करने की घोषणा की गई है। साथ ही, उन्होंने प्रदेशवासियों से महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के सामाजिक सुधार के कार्यों से प्रेरणा लेकर देश-प्रदेश के उत्थान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जरूतमंद परिवारों को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवा रही है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वृद्धि की है। वरिष्ठ नागरिकों को तीर्थ यात्रा योजना से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान में 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू हुए, जिनमें से लगभग 9 लाख करोड़ रुपये के एमओयू धरातल पर उतर रहे हैं। इससे निजी क्षेत्र में युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार के लिए युवा नीति एवं अन्य योजनाओं के माध्यम से सहायता उपलब्ध करवा रही है।

### धार्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्रों का उत्थान

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश के धार्मिक एवं सांस्कृतिक केन्द्रों के उत्थान का काम हो रहा है। अयोध्या में भगवान श्रीरामलला का भव्य मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर एवं उज्जैन महाकाल महालोक के निर्माण का कार्य प्रमुखता से हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन से देश व प्रदेश का तेज गति से विकास हो रहा है। वर्ष 2014 के बाद सभी ने गरीब कल्याण की योजनाएं, आतंकवाद-नक्सलवाद का खात्मा और दुनिया में बढ़ता भारत का गौरव देखा है।

उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, किसान और महिला वर्ग को विकास के केन्द्र में रखकर प्रधानमंत्री मोदी निरंतर काम कर रहे हैं। शौचालय निर्माण, उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं से महिलाएं लाभान्वित हुई हैं। इसी प्रकार किसानों को सम्मान निधि और आमजन को आयुष्मान योजना का लाभ मिल रहा है।

# कूनो राष्ट्रीय उद्यान में बढ़ा चीतों का कुनबा 'गामिनी' ने दिया चार शावकों को जन्म

## भारत में चीतों की संख्या बढ़कर 57 हुई

श्योपुर



मध्य प्रदेश के श्योपुर में स्थित कूनो राष्ट्रीय उद्यान में एक बार फिर चीतों का कुनबा बढ़ गया है। यहां भारतीय मूल की मादा चीता 'गामिनी' ने चार शावकों को जन्म दिया। साथ भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 57 हो गई है। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने इस घटना को मील का पत्थर बताते हुए कहा यह भारत के वन्यजीव संरक्षण अभियान के लिए बड़ी सफलता है। यादव ने शनिवार को एक्स पोस्ट में कहा कि 2022 में चीतों के पुनर्वास की शुरुआत के बाद से यह वन्य जीवन में दर्ज किया पहला जन्म है और महत्वपूर्ण रूप से यह भारतीय मूल की मादा चीते का पहला ऐसा मामला है। उन्होंने कहा यह घटना परियोजना के मूल उद्देश्यों को प्राप्त करने में एक बड़ी उपलब्धि है- भारत में प्राकृतिक परिस्थितियों में चीतों के अस्तित्व और प्रजनन को सुनिश्चित करना। यादव ने कहा कि यह उपलब्धि भारतीय पारिस्थितिक परिस्थितियों के प्रति चीतों के बढ़ते अनुकूलन को दर्शाती है और कुनो में निरंतर संरक्षण और वैज्ञानिक प्रबंधन प्रयासों की सफलता का प्रमाण है।

# यूपी में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी, मतदाता सूची से हटाए गए दो करोड़ से अधिक नाम

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। इस व्यापक अभियान के दौरान प्रदेश में दो करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से डिलीट किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिनवा ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 10 अप्रैल 2026 को कर दिया गया है। यह प्रक्रिया पूरे देश में एक साथ संचालित की गई।

उन्होंने बताया कि प्रदेश में गणना चरण 4 नवंबर 2025 से 26 दिसंबर 2025 तक चला, जबकि दावे और आपत्तियों के लिए 6 जनवरी से 6 मार्च 2026 तक का समय दिया गया था। इसके बाद 27 मार्च तक सभी दावों और आपत्तियों का निस्तारण किया गया। रिनवा ने कहा कि कोई भी मतदाता निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर अपना नाम देख सकता है। जिनका नाम सूची में नहीं है, वे फॉर्म-6 भरकर पुनः पंजीकरण करा सकते हैं।



उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी को चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, बूथ लेवल एजेंटों और आम जनता का व्यापक सहयोग मिला। साथ ही प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल मीडिया ने भी जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने बताया कि 166 दिनों तक चले इस अभियान को सफल बनाने में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों, 403 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, 12,758 सहायक अधिकारियों, 18,026 बीएलओ सुपरवाइजरों और 1,77,516 बीएलओ ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इसके अलावा 5,82,877 बूथ लेवल एजेंटों ने भी सहयोग दिया। रिनवा ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची के अनुसार कुल मतदाता 13,39,84,792 हैं जिसमे पुरुष मतदाता 7,30,71,061 (54.54 फीसदी) और महिला मतदाताः 6,09,09,525 (45.46 फीसदी) हैं। उन्होंने कहा कि 6 जनवरी 2026 को प्रकाशित मसौदा सूची में कुल 12,55,56,025 मतदाता शामिल थे, जिनमें 6,88,43,159 पुरुष (54.83 फीसदी), 5,67,08,747 महिलाएं (45.17 फीसदी) और 4,119 तृतीय लिंग मतदाता शामिल थे। 18-19 आयु वर्ग के मतदाताओं की संख्या 3,33,981 रही, जबकि जेंडर रेशियो 824 दर्ज किया गया। मतदाता वृद्धि के मामले में प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, गाजियाबाद और जौनपुर जिले आगे रहे। वहीं साहिबाबाद, जौनपुर, लखनऊ पश्चिम और फिरोजाबाद विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या में सर्वाधिक वृद्धि दर्ज की गई।

## राज्यसभा जाने पर बोले अखिलेश.... हम चाहते थे नीतीश पीएम बनकर रिटायर हों, सपा प्रमुख ने एनडीए पर साधा निशाना



नई दिल्ली (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन की इच्छा थी कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनकर राजनीति से रिटायर हों, लेकिन अब हालात कुछ और ही दिशा में जाते दिख रहे हैं। सपा सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि 'इंडिया गठबंधन के कई सहयोगी चाहते थे कि नीतीश कुमार प्रधानमंत्री बनें और उसी पद से रिटायर हों, लेकिन अब ऐसा लगता है कि वे राज्यसभा सदस्य के रूप में ही रिटायर होंगे।' उन्होंने इसे जनता के साथ 'बड़ा धोखा' करार दिया। गौरतलब है कि सपा प्रमुख ने इससे पहले भी अपने एक बयान में कहा था, कि उनकी पार्टी हमेशा चाहती थी कि विपक्ष का कोई मजबूत चेहरा प्रधानमंत्री बने। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि जब समाजवादी पार्टी ने बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन किया था, तब भी उनकी इच्छा थी कि मायावती प्रधानमंत्री बनें। उसी तरह, जब इंडिया गठबंधन का गठन हुआ तो उस समय भी कई दलों की इच्छा थी कि नीतीश कुमार इस भूमिका में सामने आएं। अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार की राजनीति में ऐसे हालात बनाए गए हैं कि अब नीतीश कुमार का राजनीतिक सफर राज्यसभा सदस्य के रूप में समाप्त होता दिख रहा है।

## हिमाचल हाईकोर्ट से कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी को झटका

शिमला। कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी को हिमाचल हाईकोर्ट से झटका लगा है। राज्यसभा चुनाव में भाजपा नेता हर्ष महाजन के निर्वाचन को लेकर कांग्रेस नेता सिंघवी ने याचिका दाखिल की थी। इस मामले में सिंघवी ने आवेदन दाखिल कर महाजन की ओर से दी गई गवाहों की सूची और क्रॉस एगजामिनेशन को लेकर आवेदन दाखिल किया था। हिमाचल हाईकोर्ट ने सिंघवी के उक्त आवेदन को खारिज किया। साथ ही अदालत ने महाजन की तरफ से पेश की गई गवाहों की सूची को वैध माना है। हाईकोर्ट ने कहा है कि चुनाव से जुड़े ट्रायल में गवाह आवश्यक हैं। उल्लेखनीय है कि सिंघवी ने अपने आवेदन में हाईकोर्ट के समक्ष आग्रह किया था कि केस में गवाहों की जरूरत नहीं है और न ही किसी प्रकार के विस्तृत साक्ष्यों की जररुत है। हाईकोर्ट ने सिंघवी के इस आवेदन को खारिज किया। हाईकोर्ट ने कहा कि चुनाव याचिका एक ट्रायल बेस्ड प्रोसीडिंग है। इसमें साक्ष्यों के साथ-साथ गवाहों की भूमिका भी अत्यंत आवश्यक है। अदालत ने कहा कि भाजपा नेता महाजन की तरफ से पेश की गई गवाहों की सूची प्रक्रिया के अनुरूप उचित और वैलिड है। यहां बता दें कि 10 मार्च को हाईकोर्ट ने इस आवेदन के संदर्भ में अपना फैसला सुरक्षित किया था।

## मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 में आग, समय रहते पाया काबू

**-रनवे क्षेत्र से उठा धुआं तो कुछ उड़ानें अस्थायी रूप से रोकीं**

मुंबई (एजेंसी)। छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 पर गुरुवार शाम अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और इमरजेंसी टीमें मौके पर पहुंचीं और कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया गया। राहत की बात यह रही कि इस हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। एयरपोर्ट प्रवक्ता के अनुसार, आग शाम करीब 6:10 बजे लगी। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है। आग ग्राउंड फ्लोर स्थित पावर हाउस के सीलिंग लेवल तक सीमित रही, लेकिन वहां मौजूद इलेक्ट्रिक ट्रे, वायरिंग, केबल, इंस्टॉलेशन और इलेक्ट्रिक पैनल को नुकसान पहुंचा। सुरक्षा के मद्देनजर एयरपोर्ट के सभी गेट कुछ समय के लिए बंद कर दिए गए, जिससे यात्रियों की लंबी कतारें लग गईं। टर्मिनल-1 से संचालित कुछ उड़ानों को एहतियातन रोका गया, जिससे फ्लाइट संचालन प्रभावित हुआ। फिलहाल स्थिति सामान्य कर दी गई है और अधिकारियों ने आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

## तीन लड़कियों की मौत की वजह बनी सेल्फी... झरने के पास काई में पैर पिसलने से गहरे पानी में गिरी

अल्लूरी(एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले में बेहद दर्दनाक हादसा हुआ है, इस घटना ने पूरे क्षेत्र को हिला दिया। विशाखापत्तनम के पास स्थित घटना में पिकनिक मनाने गई चार सहेलियों में से तीन की झरने के तेज बहाव में डूबने से मौत हो गई, जबकि एक लड़की को लोगों की मदद से सुरक्षित बचाया गया। जानकारी के अनुसार, जंबुवलसा गांव की चार सहेलियां अपनी परीक्षाएं खत्म होने के बाद पास की पहाड़ियों में स्थित मुलागुम्मी झरने घूमने गई थीं। सभी लड़कियां खुश और उत्साहित थीं और पिकनिक का आनंद लेकर झरने के पास पहुंचीं। शुरुआत में सब कुछ सामान्य था, लेकिन जल्द ही यह खुशी का पल एक भयानक हादसे में बदल गई। बताया जा रहा है कि 17 वर्षीय त्रिशा, 16 वर्षीय रत्नकुमारी और 16 वर्षीय पवित्रा झरने के बेहद करीब फिसलन भरी चट्टानों पर खड़ी होकर सेल्फी ले रही थीं। तभी चट्टानों पर जमी काई की वजह से संतुलन बिगड़ने के कारण तीनों लड़कियां अचानक गहरे और तेज बहाव वाले पानी में गिर गईं। चौथी सहेली ने मदद की कोशिश की, लेकिन वह खुद सुरक्षित बाहर नहीं निकल सकी। झरने के पास मौजूद लोगों ने लड़कियों की चीखें सुनकर तुरंत मदद के लिए दौड़ लगाई। ग्रामीणों ने साहस दिखाकर एक लड़की को किसी तरह बाहर निकाल कर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर है। हालांकि, बाकी तीन लड़कियां तेज बहाव में बह गईं और उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। सूचना मिलने पर पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और घंटों की तलाश के बाद तीनों लड़कियों के शव बरामद किए गए।

## अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से शुरू होगा पंजीकरण, आधार कार्ड रखना जरूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा। पंजीकरण की अंतिम तिथि 20 मई है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने इसकी घोषणा की है। यह पंजीकरण देश भर के तय बैंक शाखाओं में होगा। यात्रा परमिट 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर मिलेगा। अमरनाथ यात्रा की तारीख जल्द सामने आएगी। देश के कुल 554 बैंक शाखाओं में पंजीकरण होगा। हर बैंक शाखा को रोज एक तय संख्या दी गई है। हर रास्ते के लिए अलग कोटा होगा। 13 साल से कम उम्र के बच्चों का पंजीकरण नहीं होगा। 70 साल से ज्यादा उम्र के लोगों का भी पंजीकरण नहीं होगा। 6 हफ्ते से ज्यादा गर्भवती महिलाओं का भी पंजीकरण नहीं होगा। इस बार पंजीकरण आधार से होगा। हर यात्री को बायोमैट्रिक ई-केवाईसी के बाद परमिट मिलेगा। यह प्रक्रिया एनआईसी पोर्टल पर होगी। अगर तकनीकी समस्या आई, तब मैनुअल तरीका भी अपनाया जाएगा। यात्रा के इच्छुक लोग बैंक में फोटो और डेटा लेकर पंजीकरण कर सकते है। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड जरूरी है। हेल्थ सर्टिफिकेट भी जरूरी होगा। मोदी और राज्य सरकार की कोशिश रहेगी इस यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल पाए। यात्रा को आरामदायक बनाने पर जोर है। साथ में सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## आतंकी दाग से बेदाग हुए कर्नल पुरोहित बनेंगे ब्रिगेडियर, सेना ने लगाई प्रमोशन पर मुहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय सेना ने एक ऐतिहासिक और भावुक फैसले में कर्नल श्रीकांत पुरोहित को ब्रिगेडियर रैंक पर पदोन्नत करने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला कर्नल पुरोहित के लिए किसी पुनर्जन्म से कम नहीं है, क्योंकि उन्होंने अपने जीवन के करीब दो दशक कानूनी लड़ाइयों और जेल की सलाखों के पीछे बिताए हैं। 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी बनाए जाने के बाद उनका चमकता हुआ सैन्य करियर पूरी तरह पटरी से उतर गया था। हालांकि, लंबी कानूनी जंग के बाद अब सेना ने उन्हें उनका हक देने का फैसला किया है। कर्नल पुरोहित मूल रूप से 31 मार्च, 2026 को सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन उनकी किस्मत ने तब करवट ली जब सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) ने उनकी याचिका पर सुनवाई करते हुए उनकी रिटायरमेंट पर रोक लगा दी। ट्रिब्यूनल ने माना कि पुरोहित के साथ न्याय होना बाकी है। 31 जुलाई, 2025 को मुंबई की एक विशेष एनआईए अदालत ने उन्हें सभी आरोपों से ससम्मान बरी कर दिया था, जिसके बाद उनके प्रमोशन का रास्ता साफ हुआ। कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि उनके खिलाफ सबूतों का अभाव है और अभियोजन पक्ष की कहानी विरोधाभासों से भरी थी। सेना के सूत्रों का कहना है कि यह प्रमोशन कर्नल पुरोहित के उन खोए हुए सालों की भरपाई है जो उन्होंने ट्रायल के दौरान गंवा दिए। यदि यह विवाद न होता, तो वे अब तक मेजर जनरल के पद तक पहुंच चुके होते। उनके बैच के साथी आज सेना में शीर्ष नेतृत्व संभाल रहे हैं। इस प्रमोशन के बाद अब वे ब्रिगेडियर के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। एक समय में आतंकी कहे जाने वाले अधिकारी का एक सीनियर कमांडर के तौर पर वापस लौटना भारतीय सैन्य इतिहास की सबसे चर्चित वापसी में से एक है।



## आईटी कंपनी में गंदा खेल! पुलिस वेश बदलकर दबोचे यौन शोषण और जबरन धर्मांतरण कराने वाले

**कोलकाता (एजेंसी)।** नासिक,(ईएमएस)। महाराष्ट्र के नासिक में एक मल्टीनेशनल आईटी कंपनी के भीतर चल रहे रेप, यौन शोषण और जबरन धर्मांतरण के सनसनीखेज रैकेट का पुलिस ने बड़ा पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने सातवीं गिरफ्तारी करते हुए कंपनी की एचआर मैनेजर को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया है। आरोप है कि एचआर ने पीड़ित महिला कर्मचारियों की शिकायतों को लगातार नजरअंदाज किया और इस घिनौने खेल को फलने-फूलने का मौका दिया। यदि समय रहते एक्शन लिया गया होता, तो कई महिलाओं को इस मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से बचाया जा सकता था। पुलिस ने वेश बदलकर आरोपियों को दबोचा और पूरे मामले का पर्दाफाश किया।

इस हाई-प्रोफाइल मामले की जांच किसी फिल्मी पटकथा से कम नहीं रही। शिकायतें मिलने के बाद जब पुलिस को मामले की गंभीरता का अहसास हुआ, तो नासिक पुलिस ने एक गुप्त मिशन तैयार किया। सात महिला पुलिसकर्मियों की एक विशेष टीम ने अपनी पहचान छिपाकर और वेश बदलकर कंपनी के भीतर एंट्री ली। कई दिनों तक कर्मचारी बनकर रहने के दौरान इन महिला अधिकारियों ने संदिग्धों की अश्लील हरकतों और धर्मांतरण के दबाव को रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस ने लगभग 40 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले, जिनमें आरोपियों की काली करतूतों के पुख्ता सबूत मिले हैं।

अब तक इस मामले में कुल सात गिरफ्तारियां हो चुकी हैं और मुंबई नाका पुलिस थाने में नौ अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस अब गिरफ्तार एचआर मैनेजर से यह उगलवाने की कोशिश कर रही है कि इस नेक्सस के पीछे और कौन-कौन से बड़े नाम शामिल हैं। क्या यह केवल एक कंपनी तक सीमित मामला है या इसके तार किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय धर्मांतरण गिरोह से जुड़े हैं? इस घटना ने कॉरपोरेट जगत में महिला सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं और प्रशासन अब जिले की अन्य कंपनियों पर भी कड़ी नजर रख रहा है।

# कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को तेलंगाना हाईकोर्ट ने एक सप्ताह की अंतरिम जमानत दी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा को बड़ी राहत मिली है। तेंलगाना की अदालत ने उन्हें एक सप्ताह की अंतरिम जमानत दे दी है। तेलंगाना हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि नियमित जमानत के लिए उन्हें निर्धारित समय के अंदर सक्षम अदालत के पास जाना होगा। मामले में फैसला न्यायमूर्ति के. सुजाना ने सुनाया, जिन्होंने एक दिन पहले कांग्रेस नेता की याचिका पर सुनवाई की थी। यह आदेश उस समय में आया है जब कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा 7 अप्रैल से जांच एजेंसियों की नजरों से दूर बताए जा रहे थे। दरअसल, असम और दिल्ली पुलिस के साथ मिलकर खेड़ा से पूछताछ करने उनके दिल्ली स्थिति आवास पर पहुंची थी, लेकिन वे वहां मौजूद नहीं मिले। यह कार्रवाई उस मामले में हो रही थी जिसमें कांग्रेस नेता खेड़ा ने असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी पर तीन विदेशी पासपोर्ट रखने का आरोप लगाया था।

इस बीच, कांग्रेस नेता खेड़ा ने अग्रिम जमानत के लिए तेलंगाना हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उन्होंने अदालत में अपना आवासीय पता हैदराबाद बताकर गिरफ्तारी की स्थिति में राहत देने की मांग की। बताया जा रहा है कि उनका तेलंगाना से पारिवारिक संबंध है और हैदराबाद में उनका निजी निवास भी है। साथ ही, राज्य में कांग्रेस की सरकार होने को भी इस कदम से जोड़कर देखा जा रहा है।

मामले ने तूल तब पकड़ा जब खेड़ा ने प्रेसवार्ता में मुख्यमंत्री सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी सरमा पर गंभीर आरोप लगाए। खेड़ा ने दावा किया कि रिनिकी के पास तीन अलग-अलग देशों के पासपोर्ट हैं और उनके समर्थकों के पास इसतरह के दस्तावेज हैं जो इस कथित खुलासे को साबित करते हैं। उन्होंने इस स्वतंत्र भारत की राजनीति में एक बड़ा मामला बताया।

हालांकि, सीएम सरमा ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर पूरी तरह निराधार, दुर्भावनापूर्ण और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि खेड़ा जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले सरमा ने तंज कसते हुए कहा था कि जो व्यक्ति पहले गिरफ्तारी की चुनौती दे रहा था, वहीं अब जांच से बचने के लिए हैदराबाद चला गया है। तब सीएम हिमंता ने कहा था कि वह और उनकी पत्नी अगले 48 घंटों के भीतर खेड़ा के खिलाफ आपराधिक और दीवानी, दोनों तरह के मानहानि के मुकदमे दायर करने वाले है।



सुनवाई के दौरान खेड़ा का प्रतिनिधित्व कर रहे कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि यह मामला असम सरकार की राजनीतिक बदले की भावना का परिणाम है। हालांकि, असम सरकार के वकील जनरल देवजीत सैकिया ने इस बात से इंकार किया। वकील सैकिया ने कहा कि खेड़ा की याचिका तेलंगाना उच्च न्यायालय में सुनवाई योग्य नहीं है, लेकिन कांग्रेस नेता ने हैदराबाद स्थित अपना आवासीय पता प्रस्तुत किया।

सिंघवी ने तर्क दिया कि कांग्रेस नेता खेड़ा समाज में गहरी जड़ें जमा चुके हैं और एक प्रमुख राजनीतिक हस्ती हैं। हम संवैधानिक मनमानी के युग में नहीं जी रहे हैं। हम इसतरह युग में नहीं जी रहे हैं जहां बंदूक निकालकर असम से 100 लोगों को निजामुद्दीन (खेड़ा को गिरफ्तार करने के लिए) भेजा जाए, जबकि शिकायत में मानहानि का आरोप लगाया गया है। जवाब में, सैकिया ने कहा कि असम कोई लोकतांत्रिक गणराज्य नहीं है और पूर्वोत्तर राज्य में कानून का पालन होता है।

## राघव चड्ढा ने वीडियो जारी कर दिया अपने विरोधियों को जबाव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने अपने संसदीय प्रदर्शन पर सवाल उठाने वालों को सोशल मीडिया के माध्यम से जबाव दिया। उन्होंने कहा कि वे आलोचनाओं का जवाब शब्दों से नहीं, बल्कि अपने काम से देना पसंद करते हैं। वीडियो में उन्होंने कई अहम विषयों को प्रमुखता से उठाया है, जिसमें डेटा प्राइवेसी, पितृत्व अवकाश को कानूनी अधिकार बनाने की मांग और बैंकों द्वारा न्यूनतम बैलेंस पर लगाने वाले जुर्माने को समाप्त करने जैसे जनहित के मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा खाद्य मिलावट, 28 दिन के मोबाइल रिचार्ज प्लान, एयरलाइंस के अतिरिक्त बैगेज शुल्क और पेपर लीक जैसे गंभीर मामलों पर भी उन्होंने अपनी बात रखी।



राघव चड्ढा ने वायु प्रदूषण, गिग वर्कर्स के शोषण, हेल्थ इंश्योरेंस क्लेम में देरी, टोल प्लाजा पर अधिक वसूली और महंगे एयरपोर्ट खाद्य पदार्थों जैसे मुद्दों को भी संसद में उठाया। उन्होंने लोगों को राहत देने के लिए मुफ्त वार्षिक हेल्थ चेकअप का अधिकार देने की वकालत की। साथ ही डिजिटल कॉपीराइट स्ट्राइक, बढ़ते कर्ज-से-जीडीपी अनुपात और भीड़भाड़ वाले एयरपोर्ट्स की समस्या पर भी चिंता जाहिर की है।

वीडियो में सरकारी बैंकों की स्थिति, दिव्यांगों और सशस्त्र बलों पर टैक्स में राहत, वर्चुअल डिजिटल एसेट्स को वैध बनाने और 'राइट टू हायर, राइट टू फायर' जैसे विषय भी शामिल रहे। उन्होंने महंगाई, पंजाब की 'कैंसर ट्रेन', जल संकट और भूजल की कमी जैसे गंभीर मुद्दों पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इसके अतिरिक्त शिक्षा और रोजगार के बीच बढ़ती खाई, वेतन इंडेक्सेशन, किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), भ्रामक ब्रांडिंग और ग्रामीण बैंकिंग ढांचे को मजबूत करने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने भगत सिंह को भारत रत्न देने, 'वन नेशन, वन मेडिकल ट्रीटमेंट', मासिक धर्म स्वच्छता और श्री ननकाना साहिब कॉरिडोर जैसे विषयों को भी उठाया। कुल मिलाकर, यह वीडियो उनके संसदीय कार्यों और जनहित से जुड़े मुद्दों को सामने लाने का एक प्रयास है, जिससे वे यह संदेश देना चाहते हैं कि उनका काम ही उनकी पहचान है।

## तमिलनाडु में बड़ा उल्टफेर... एनडीए गठबंधन के समर्थन में उतरे नौ मुस्लिम संगठन

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की राजनीति में हाल ही में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है, जिसमें नौ मुस्लिम संगठनों ने एआईएडीएमके (एआईएडीएमके) के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देने का ऐलान कर दिया है। यह फैसला चेन्नई में हुई बैठक के बाद सामने आया, जिसमें दक्षिण भारत दरगाह मस्जिद एसोसिएशन, तमिलनाडु उर्दू मुस्लिम विकास संगठन सहित कई सूफी-सुन्नी मुस्लिम समूहों के प्रतिनिधि शामिल थे। इन संगठनों ने एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी से मुलाकात की और राजनीतिक समर्थन की घोषणा की। बैठक के दौरान एआईएडीएमके नेतृत्व ने मुस्लिम प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि यदि उनकी सरकार सत्ता में आती है, तब राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों, विशेषकर सूफी-सुन्नी मुसलमानों के हितों की रक्षा होगी और उनके कल्याण के लिए कार्य किया जाएगा। इस आश्वासन के बाद मुस्लिम संगठनों ने एनडीए गठबंधन को समर्थन देने का निर्णय लिया।

दक्षिण भारत दरगाह मस्जिद एसोसिएशन ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा भी उठाया। संगठन ने हाल ही में राज्य सरकार द्वारा मुख्य काजी की नियुक्ति को लेकर आपत्ति जाहिर की है। उनका कहना है कि परंपरागत रूप से तमिलनाडु में मुख्य काजी की नियुक्ति सूफी-सुन्नी समुदाय की सहमति और परामर्श से होती रही है, लेकिन इस बार बिना समुदाय की राय लिए एक गैर-ताबी कन्नी मुस्लिम को यह पद दे दिया गया, जिससे समुदाय के एक हिस्से में असंतोष पैदा हुआ है। संगठन ने दावा किया कि तमिलनाडु में करीब 2,500 से अधिक मस्जिदें और दरगाहें हैं, जो वक्फ बोर्ड को अपने राजस्व का एक निश्चित हिस्सा दान करती हैं। इसके बावजूद वक्फ संपत्तियों से जुड़े कई मुद्दे पिछले कई वर्षों से अनसुलझे पड़े हैं। कई कानूनी विवाद और याचिकाएं भी लंबित हैं, जिसके कारण मस्जिदों और दरगाहों के प्रबंधन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए कई बार प्रयास किए गए, लेकिन अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। इसी कारण समुदाय के प्रतिनिधियों ने एआईएडीएमके के नेतृत्व वाले गठबंधन से हस्तक्षेप और सहयोग की अपेक्षा जताई है। कुल मिलाकर, यह घटनाक्रम तमिलनाडु की राजनीति में मुस्लिम समुदाय के एक हिस्से के रुख में बदलाव और आगामी राजनीतिक समीकरणों पर संभावित प्रभाव का संकेत देता है।

# अनोखा ग्रीन कॉरिडोर, 14 अप्रैल को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे उद्घाटन... 7 घंटे का सफर 2.30 घंटे में

**-100 की रफ्तार से दौड़ेंगे वाहन, जानवर भी सुरक्षित**

**देहरादून (एजेंसी)।** पहाड़ों के बीच सिंगल लेन सड़क पर सामने से अचानक हाथियों का झुंड आने से पीछे गाड़ियों को लंबा जाम लगाता था, कभी उफनती नदी.....तब कभी शिवालिक पहाड़ियों से गिरता मलबा सड़क पर जमा लगा देता था। पहले ऐसा ही नजारा दिखाता था दिल्ली से देहरादून रोड पर आने वाला मोहंड बेल्ट पर। 210 किमी लंबे और तीन राज्यों से गुजरने वाले इस एक्सप्रेस-वे का 20 किमी का हिस्सा राजाजी टाइगर रिजर्व में आता है। लेकिन यह हिस्सा अब पूरी तरह बदल चुका है।

अब मोहंड घाटी के ऊपर बने एलिवेटेड कॉरिडोर से गाड़ी 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बिना ब्रेक, बिना जाम दौड़ रही हैं और नीचे हाथियों का झुंड आराम से गुजर रहा है। 20 किमी लंबे हिस्से में एलिवेटेड पार्ट 12 किमी का है। यह ग्रीन कॉरिडोर पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन का बेहतरीन मिसाल बना है। इस शानदार एक्सप्रेसवे का उद्घाटन 14 अप्रैल को पीएम नरेंद्र मोदी करने वाले है।

मोहंड घाटी जिस बरसाती नदी से घिरती थी, वहां अब नजर नहीं आती, क्योंकि उस नदी को एलिवेटेड रोड के नीचे से निकाला गया है। सड़क को 35-40 फीट ऊपर, 400 से ज्यादा पिलर्स पर खड़ा किया गया है, ताकि नदी का बहाव, जानवरों के झुंड और विकास तीनों बिना रुकावट चलते रहें।

राजाजी टाइगर रिजर्व के डायरेक्टर बताते हैं कि 14 हजार करोड़ रुपए में बने एक्सप्रेस-वे का 12 किमी का हिस्सा एशिया का सबसे लंबा वाइल्डलाइफ एलिवेटेड कॉरिडोर है। तस्वीरें इस बात का संकेत हैं कि जानवर इसके नीचे से सुरक्षित निकल रहे हैं। ऊपर से भारी वाहन 80 की स्पीड में बाएं और हल्के वाहन 100 की स्पीड पर दाएं चलने वाले है।

पे-पर-यूज टोल सिस्टम, टोल पारंपरिक नाकों वाला नहीं, बल्कि क्लोज्ड टोलिंग सिस्टम होगा। एंट्री-एग्जिट के आधार पर दूरी के हिसाब से शुल्क कटेगा। फास्टैग से बिना रुके भुगतान, जाम की समस्या नहीं। सहारनपुर के कुम्हारहेड़ा में एक टोल प्लाजा पहले से सक्रिय, बाकी एंट्री-एग्जिट पॉइंट्स पर टोल गेट्स।

इस शानदार एक्सप्रेसवे के बनने से सफर तेज, खर्च कम होगा। 6-7 घंटे का सफर अब 2.5-3 घंटे में, दूरी 260 किमी से 210 किमी होगी। 20 किमी जोखिम भरा पहाड़ी रास्ता अब 12 किमी एलिवेटेड, एक्सीडेंट रिस्क कम होगा। इतना ही नहीं सालाना 93 लाख किलो कार्बन उत्सर्जन घटेगा। इस एक्सप्रेसवे के बनने से पर्यटन, व्यापार को बूस्ट मिलेगा। हरिद्वार-ऋषिकेश-देहरादून का सफर आसान, छुटमलपुर इंटरचेंज से लॉजिस्टिक्स तेज। पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। वहीं बागपत,





शामली, सहारनपुर जैसे शहरों में एक्सप्रेसवे पर नए ग्रोथ हब के रुप में विकसित होने वाले है।

# लाडपुरा: जल उपयोक्ता संगम भवन बना नशेड़ियों का अड्डा, डामटी बांध की नहरें 5 साल से कचरे से अटी

## रात के अंधेरे में छलकते हैं जाम, वहीं 3 साल से हो रहा है बांध की मोरी से रिसाव, ग्रामीण परेशान









स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे में प्रशासनिक अनदेखी के चलते सार्वजनिक संपत्तियों और किसानों से जुड़े अहम मुद्दों की लगातार अनदेखी हो रही है। जल उपयोक्ता संगम भवन परिसर रात के अंधेरे में नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। रात में यहां असामाजिक तत्व शराब पीते हैं और सुबह पूरे परिसर में शराब की बोतलें व गंदगी फैली मिलती है। इससे मोहल्लेवासियों की शांति और सुरक्षा खतरे में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से परिसर में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने और पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### नहरों में भरा कचरा, टेल तक नहीं पहुंच रहा पानी:

दूसरी ओर, सिंचाई विभाग की लापरवाही से डामटी खोखरा बांध की नहरें पिछले 5 सालों से कचरे और झाड़ियों से अटी पड़ी हैं। सफाई नहीं होने के कारण पानी खेतों के अंतिम छोर (टेल) तक नहीं पहुंच रहा है। ग्रामीण लगातार नहरों की सफाई की मांग कर रहे हैं।

### बांध की सुरक्षा पर मंडरा रहा खतरा:

डामटी खोखरा बांध के अध्यक्ष नाना लाल गुर्जर ने बताया कि बांध की मोरी के पास से पिछले 3 सालों से पानी का रिसाव हो रहा है। अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन वे बजट का हवाला देकर काम टाल देते हैं। अधिकारियों का कहना है कि चट्टान के सर्वे के लिए जयपुर सूचना भेजी गई है, रिपोर्ट आने पर काम होगा। ग्रामीणों ने इस रिसाव के चलते बांध की सुरक्षा को लेकर गहरी चिंता और खतरे की आशंका जताई है।

# अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस की कार्यवाही, तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के खारों का खेड़ा गांव के पास से अवैध बजरी परिवहन करते हुए तीन ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया । एएसआई गोपाल लाल ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर जसवंत सिंह थाना प्रभारी के नेतृत्व में शनिवार को बड़लियास थाना पुलिस ने अवैध बजरी खनन पर कार्रवाई करते हुए खारों का खेड़ा गांव के पास अवैध बजरी परिवहन करते पाए जाने पर तीन ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया । पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियों में हड़कंप सा मचा हुआ है, पुलिस की दो दिन में यह दूसरी कार्रवाई हैं।

# हिण्डोली को पर्यटन हब बनाएंगे, फुले दम्पत्ति का पेनोरमा बनेगा: मुख्यमंत्री शर्मा



स्मार्ट हलचल |बूंदी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को बूंदी के हिण्डोली दौरे के दौरान क्षेत्रवासियों को विकास कार्यों की बड़ी सौगातें दीं। महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने रामसागर झील को पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनाने और महात्मा ज्योतिबा फुले एवं सावित्री बाई फुले के जीवन पर आधारित एक भव्य पेनोरमा और पुस्तकालय के निर्माण की घोषणा की।

### 70 करोड़ के कार्यों का तोहफा

मुख्यमंत्री ने हिण्डोली क्षेत्र के विकास के लिए लगभग 70 करोड़ की लागत वाले 24 विभिन्न कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इससे पहले उन्होंने रामसागर झील में चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का जायजा लिया, घाट पूजन किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। उन्होंने रामसागर झील के पास भगवान श्रीराम की 21 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित करने की बात भी कही।

### 'नहीं हुआ एक भी पेपर लीक'

भ्रष्टाचार और पेपर लीक के मुद्दों पर विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए शर्मा ने दावा किया कि उनके कार्यकाल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में पेपर लीक से युवाओं के सपने टूटे थे, लेकिन उनकी सरकार ने दोषियों को सलाखों के पीछे भेजा है। उन्होंने बताया कि अब तक 1.25 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं और इतनी ही संख्या में अन्य पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं।

### हर घर तक विकास का संकल्प

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर गांव और हर घर तक विकास पहुंचाने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने सोशल सिक्योरिटी स्कीम का जिक्र करते हुए 450 में गैस सिलेंडर, बढ़ी हुई सामाजिक सुरक्षा पेंशन और राइजिंग राजस्थान में आए निवेश के धरातल पर उतरने की बात कही, जिससे निजी क्षेत्र में रोजगार सृजित हो रहे हैं।

### फुले दम्पत्ति को श्रद्धांजलि

महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने फुले के सामाजिक सुधारों और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को याद करते हुए प्रदेशवासियों से प्रेरणा लेने की अपील की। उन्होंने बांदीकुई में प्रदेश के हर ब्लॉक में 'सावित्री बाई फुले ई-लाइब्रेरी' और जिलों में 'महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श विद्यालय' स्थापित करने की पूर्व घोषणाओं का भी जिक्र किया। समारोह में पीएचईडी मंत्री कन्हैया लाल चौधरी, ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और भारी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# समाज मे फैली कुरूतियो को मिटाने का संकल्प : एसडीएम रिणवा

## माली समाज ने मनाया महात्मा ज्योतिबा फुले का जन्मोत्सव



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** समाज मे फैली कुरूतियो को मिटाने तथा परिवार के प्रत्येक बालक-बालिका को उच्च शिक्षा तक पढ़ाने का संकल्प लेने पर ही महापुरुषो की जयंती मनाना सार्थक होगा। समाजोत्थान के लिए सभी को एक साथ रह कर प्रयास करने की बात मुख्यालय की सब्जी मण्डी व उपखण्ड कार्यालय में महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपखण्ड अधिकारी तानिया रिणवा ने माली समाज के महिला-पुरुष को कहे। वही भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने माली समाज के लोगो को महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन मे उतारने को कहा। भाजपा नेता धर्म चन्द जीनगर, उपखण्ड के सहायक प्रशासनिक अधिकारी पारस गोधा, अनिल तिवारी , माली समाज के महावीर माली, नारू माली, देवकरण माली, गणपत माली, भैरू माली, शंकर लाल माली, गोविंद माली, सोहन माली, श्री राम सैनी, उदय लाल माली, कंचन माली, जगदीश माली, उदय लाल माली सहित बड़ी संख्या में समाज जन एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ज्योतिबा फुले को पुष्प अर्पित किए एवं फूले द्वारा किए गए। समाज सुधार के कार्यों पर चर्चा की एवं महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न देने की भारत सरकार से मांग की गई।

# भीलवाड़ा में उमड़ा आस्था का सैलाब, पंडित प्रदीप मिश्रा की कथा में छोटा पड़ा विशाल पांडाल

## शिव महापुराण कथा के चौथे दिन भक्ति में डूबे हजारों श्रद्धालु, 'भाव शुद्ध तो घर का पानी भी गंगाजल' का दिया संदेश





स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर के मेडिसिटी ग्राउंड में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। पंडित प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से कथा श्रवण करने के लिए पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं के चलते विशाल पांडाल भी छोटा पड़ गया और दोपहर पहले ही पूरी तरह भर गया।

कथा में पंडित मिश्रा ने कहा कि भगवान को धन नहीं, सच्ची भावना चाहिए। 'भाव शुद्ध हो तो घर का पानी भी गंगाजल बन जाता है' कहते हुए उन्होंने आचरण की शुद्धता और अहंकार त्यागने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में महंत बाबूगिरी महाराज के सानिध्य में कथा जारी है। आयोजन समिति अध्यक्ष विधायक अशोक कोठारी सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्यजन मौजूद रहे। कथा के दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे और पूरे परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा।

आयोजन समिति के अनुसार कथा 14 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी तथा बढ़ती भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# जिला परिवहन विभाग द्वारा जॉच/चैकिंग अभियान, 16-18 वर्ष के लिए लाइसेंस नियमों की दी जानकारी

## स्कूली बच्चों द्वारा बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर सख्ती, सेंट्रल एकेडमी स्कूल के 10 छात्रों के काटे चालान



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी के निर्देशन मे जिले मे अवयस्क छात्र-छात्राओं एवं बिना वैध लाईसेंस के छात्रों द्वारा वाहनों के चालन की रोकथाम हेतु विभाग द्वारा जॉच/चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। स्कूली बच्चों द्वारा बिना लाइसेंस वाहन चलाने की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। इसी क्रम में शुक्रवार को परिवहन निरीक्षक मनीष कुमार उडनदस्ता प्रभारी डीएफएस 21 द्वारा सेंट्रल एकेडमी विद्यालय बापूनगर के यहाँ चैकिंग की गई। जिसमे बिना वैध लाईसेंस के वाहनों का चालन करते पाये गये 10 छात्र-छात्राओं के विरूद्ध चालान बनाये गये तथा वाहनों का उपयोग बिना वैध दस्तावेजों नही करने की समझाईश भी की गई। साथ ही स्कुल प्रबंधन को भी ऐसे छात्र-छात्राओं को विद्यायल मे बिना वैध लाईसेंस के दुपहिया/चौपहिया वाहनों के लाने हेतु अनुमत नही किया जावे इस हेतु पाबंद किया गया। वैध लाईसेंस धारक छात्र छात्राओं को हेलमैट पहनकर ही दुपहिया वाहन का उपयोग करने हेतु निर्देश दिये। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विधालयों मे यह चैकिंग अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत कम उम्र के विधार्थियों द्वारा बिना वैध लाईसेंस वाहनों के उपयोग पर समझाईश एवं प्रवर्तन कार्यवाही की जायेगी।

# विधायक डॉ. लालाराम बैरवा विश्व विद्यालय प्रबंध मंडल के सदस्य मनोनीत



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा-शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा को महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर में अजमेर विश्वविद्यालय अधिनियम, 1987 की धारा 7 (1) (ii) (g) के तहत दो वर्ष के लिए विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल का सदस्य मनोनीत किया गया है।

इस मनोनयन पर विधायक बैरवा ने भजन लाल शर्मा एवं वासुदेव देवनानी का हार्दिक आभार प्रकट किया।

उन्होंने कहा कि वे विश्वविद्यालय के विकास और शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे।

# पीडब्ल्यूडी इंजीनियर 33 लाख रिश्वत लेते गिरफ्तार

## राजस्थान एसीबी का भ्रष्टाचार पर अब तक का सबसे बड़ा प्रहार

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक ऐतिहासिक और अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ब्यूरो ने जयपुर में कार्यरत सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) और एक दलाल को 33 लाख रुपये की भारी रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई राजस्थान पुलिस के इतिहास में भ्रष्टाचार के मामले में सबसे बड़ी ट्रैप राशियों में से एक मानी जा रही है।

### घटना का विवरण:



एसीबी के महानिदेशक ने बताया कि ब्यूरो के जयपुर मुख्यालय को एक ठेकेदार द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके द्वारा पूर्ण किए गए सड़क निर्माण कार्यों के बिल पास करने और भविष्य के टेंडरों में मदद करने के बदले पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता [काल्पनिक नामः राजेश वर्मा] और उनके कथित दलाल [काल्पनिक नामः सुरेश सिंह] लगातार भारी कमीशन की मांग कर रहे थे।

शिकायत के अनुसार, अधिकारियों ने कुल बिल राशि का एक निश्चित प्रतिशत रिश्वत के रूप में मांगा था। प्रारंभिक सत्यापन में शिकायत सही पाए जाने के बाद, एसीबी ने एक टीम गठित की। एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक के सुपरविजन में पूरी रणनीति तैयार की गई।

### जाल और गिरफ्तारी:

आज, योजना के अनुसार, दलाल सुरेश सिंह को शिकायतकर्ता ठेकेदार से जयपुर के एक पॉश इलाके में स्थित एक अपार्टमेंट में मिलने के लिए कहा गया था, जहां अधिशासी अभियंता भी मौजूद थे। शिकायतकर्ता ने जैसे ही अधिकारियों को 33 लाख रुपये नकद दिए, वहां पहले से ही तैनात एसीबी की विशेष टीम ने दबिश दी और दोनों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

बरामद की गई राशि 500 और 2000 रुपये के नोटों में थी, जिसे गिनने के लिए एसीबी टीम को काफी समय लगा।

### तलाशी और बरामदगी:

गिरफ्तारी के तुरंत बाद, एसीबी की टीमों ने गिरफ्तार अभियंता और दलाल के घर, कार्यालय और अन्य ठिकानों पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया। प्रारंभिक तलाशी में कई बैंक खातों के विवरण, लॉकर की चाबियां, बेनामी संपत्ति के दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। अधिकारी बरामद की गई अतिरिक्त संपत्ति और निवेशों का आकलन कर रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, बेहिसाब संपत्ति मिलने की पूरी संभावना है।

### अधिकारी का बयान:

एसीबी के डीजी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 'यह भ्रष्टाचार पर एक बड़ा प्रहार है। 33 लाख रुपये की रिश्वत राशि एक बहुत बड़ी रकम है, जो यह दर्शाती है कि कुछ सरकारी अधिकारी किस कदर जनता के पैसे का दुरुपयोग कर रहे थे। हम भ्रष्टाचार के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर काम कर रहे हैं। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा, चाहे उसका पद कितना भी बड़ा क्यों न हो। '

### राजनीतिक और सामाजिक प्रतिक्रिया:

इस कार्रवाई के बाद प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है। सरकार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गिरफ्तार अभियंता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने भी विभाग के अन्य अधिकारियों को सख्त चेतावनी जारी की है। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार और ठेकेदारी प्रथा में पारदर्शिता की कमी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्ष ने इस मामले में और भी बड़े अधिकारियों की संलिप्तता की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### आगे की कार्यवाही:

गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को कल सुबह जयपुर की विशेष एसीबी कोर्ट में पेश किया जाएगा, जहां एसीबी उनकी रिमांड की मांग करेगी ताकि उनसे विस्तार से पूछताछ की जा सके और उनके पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जा सके। उनकी संपत्ति की जांच और आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति के मामले में भी आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती मनाई



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** महात्मा ज्योतिबा फुले का जीवन वंचितों शोषितों और पिछड़ों के कल्याण के लिए तथा उनको शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए समर्पित रहा, महात्मा ज्योतिबा फुले ने कहा कि' शिक्षा के बिना इंसान समाज में सम्मान प्राप्त नहीं कर सकता। ' यह बात संस्कार भारती सी सै स्कूल बिजौलियों मे आयोजित महात्मा ज्योतिबा फुले की 200 जन्म जयंती के अवसर पर डॉ. दुर्गा शंकर मेहर ने कही।

विद्यालय में आज शिक्षा विभाग और कलेक्टर, भीलवाडा के निर्देशन से आयोजित इस कार्यक्रम मे अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल शर्मा और कविता विजय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के प्रारंभ मे भारत विकास परिषद शाखा बिजौलिया के संरक्षक डॉ. दुर्गा शंकर मेहर, संस्कार भारती स्कूल के निदेशक आदर्श सोनी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा कन्हैया लाल शर्मा, समाज सेवी संजय टाक आदि सभी उपस्थित लोगों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम में कस्बे के विभिन्न विद्यालयों के अनेक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

### हिन्दुस्तान जिंक ने सखी परियोजना के जरिए राजस्थान में हासिल की बड़ी उपलब्धि

# ग्रामीण महिलाओं का ब्रांड 'दायची' अब ब्लिंकिट और मॉर्डन बाजार पर उपलब्ध, दिल्ली-एनसीआर के बड़े रिटेल स्टोर्स और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर मिलेंगे

## 2.6 करोड़ के टर्नओवर के साथ 400 से अधिक महिलाओं द्वारा संचालित उत्पादों की पहुँच अब बड़े शहरों तक

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** भारत की एकमात्र और विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक ने अपनी सखी पहल के जरिए राजस्थान की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महिलाओं द्वारा संचालित ब्रांड दायची अब दिल्ली एनसीआर के मॉर्डन बाजार स्टोर्स और ब्लिंकिट जैसे प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। दायची-द बेस्ट फ्रॉम रूरल इण्डिया ब्रांड में उच्च गुणवत्ता वाले एफएमसीजी उत्पादों की एक विविध श्रृंखला शामिल है, जिसमें अचार, शहद, मसाले, दालें, नमकीन, तेल और घी उपलब्ध हैं। ये सभी उत्पाद ग्रामीण महिला उद्यमियों द्वारा हाथ से बनाए और प्रबंधित किए जाते हैं। संगठित रिटेल क्षेत्र मंस यह विस्तार, जमीनी स्तर के उत्पादकों को शहरी उपभोक्ताओं से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस उपलब्धि पर हिन्दुस्तान जिंक के सीईओ एवं पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा कि 'हमारा लक्ष्य महिलाओं के नेतृत्व वाले इन छोटे उद्योगों को मुख्यधारा के बाजार से जोड़ना है। दायची का बड़े रिटेल स्टोर्स और ब्लिंकिट पर आना ग्रामीण समुदायों की आजीविका को मजबूत करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हिन्दुस्तान जिंक के ग्रामीण आजीविका कार्यक्रम के तहत सखी पहल ने फेडरेशन, ग्राम संगठन, स्वयं सहायता समूह और एमएसएमई जैसे जमीनी स्तर के संस्थानों के माध्यम से 26,800 से अधिक महिलाओं को सशक्त बनाया है। इसके अतिरिक्त, 300 सखी नेतृत्व वाली समितियाँ और फेडरेशन प्रबंधक, निगरानी, आजीविका संवर्धन और जागरूकता निर्माण के माध्यम से सामुदायिक संस्थानों को मजबूत बनाकर जमीनी स्तर के नेतृत्व को बढ़ावा दे रहे हैं। माइक्रोएंटरप्राइज प्रोग्राम 2018-19 में 5 सिलाई यूनिट्स से, जिनमें 81 महिलाएँ और 86 प्रोडक्ट्स थे, बढ़कर 14 प्रोडक्शन यूनिट्स तक पहुँच गया है। अब इसमें 400 से अधिक महिलाएँ और फूड और टेक्सटाइल कैटेगरी में 300 से अधिक प्रोडक्ट्स शामिल हैं, जिससे वित्त वर्ष 26 में 2.60 करोड़ का रेवेन्यू मिला। इस ब्रांड ने अपना एक खास ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, हार्ट्स विथ फिंगर्स भी बनाया है। यह अमेजन, फ्लिपकार्ट और ओएनडीसी जैसे बड़े मार्केटप्लेस पर अपनी मौजूदगी के साथ-साथ कार्यरत है, जिससे डिजिटल अपनाए जाने की बढ़ती दर का लाभ लिया जा सके और अधिक से अधिक ग्राहकों तक पहुँचा जा सके। सखी परियोजना को राष्ट्रीय पहचान मिली है और चार बड़े अवॉर्ड जीते हैं। इनमें महिलाओं के सशक्तिकरण में बेहतरीन काम के लिए बिजनेस वर्ल्ड और स्कोच प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं सम्मान शामिल हैं। इसने आईआईटीएफ और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल जैसे प्लेटफॉर्म के जरिए अपनी पहचान और बढ़ाई है। साथ ही, उपाया के तहत अपना टेक्सटाइल कलेक्शन भी लॉन्च किया है। खास बात यह है कि सखी महिलाओं ने मुंबई के काला घोड़ा फेस्टिवल में पहली बार हिस्सा लिया और उत्पादों को बहुत पसंद किया गया। क्विक कॉमर्स के लिए ग्राहकों की पसंद बढ़ने के साथ, मॉर्डन बाजार और ब्लिंकिट पर दायची प्रोडक्ट्स का आना एक सोची-समझी रणनीति है। यह मुख्यधारा के रिटेल की ओर एक बड़ा कदम है, जिससे महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे बिजनेस के लिए विकास के नए रास्ते खुलेंगे और बाजार से उनके जुड़ाव को मजबूती मिलेगी। दिल्ली एनसीआर में लॉन्च होने के बाद, इस पहल का मकसद दूसरे बाजारों में भी अपना विस्तार करना है। हिन्दुस्तान जिंक अलग-अलग सामाजिक पहलों और सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के जरिए पूरे समुदाय के विकास के अपने सपने को लगातार आगे बढ़ा रहा है। इसके तहत शिक्षा को बढ़ावा दिया जाता है, कौशल सिखाए जाते हैं, रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाते हैं, महिलाओं को सशक्त बनाया जाता है, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जाता है, और पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाता है। 2,300 से अधिक गाँवों में 23 लाख से अधिक लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव ला रहा है। यह समुदाय को साथ लेकर चलने वाले विकास और लंबे समय तक रहने वाले सामाजिक प्रभाव को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह से समर्पित है।

# लाडपुरा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थल पर की सफाई

## लाडपुरा में भाजपा का गांव बस्ती चलो अभियान



स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे में भाजपा के स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव, बस्ती व वार्ड चलो अभियान के तहत शनिवार को भैरू नाथ मंदिर प्रांगण परिसर और सार्वजनिक स्थल पर सफाई अभियान चलाया। इस दौरान लाभार्थियों से भी संपर्क किया गया।

ग्रामीण मंडल महामंत्री मोहन सिंह शक्तावत ने बताया कि भाजपा का 'गांव बस्ती चलो' अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचाना है। यह अभियान 10 अप्रैल से 13 अप्रैल तक चलाया जा रहा है, जिसमें पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता गांवों और बस्तियों में जाकर लोगों से संवाद किया और उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया।

पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचाना। लोगों की समस्याओं का समाधान करना। पार्टी के कार्यकर्ताओं को गांवों और बस्तियों में जाकर लोगों से संवाद करने के लिए प्रेरित करना।

### अभियान के तहत होने वाले कार्यक्रम

स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, शिक्षा और रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी देना, पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ संवाद करना।

इस अभियान के दौरान, कार्यकर्ता ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं और अधिकारों के बारे में जानकारी दे रहे हैं और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कार्यकर्ता गांवों में स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी कर रहे हैं।

# भारतीय जनता पार्टी द्वारा उम्मेद सागर, उदयभान गेट पर स्वच्छता अभियान के तहत सफाई का कार्य किया

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी 'गाँव-बस्ती-वार्ड चलो' अभियान के अंतर्गत आज शाहपुरा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

यह कार्यक्रम नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी और जिला महामंत्री अविनाश जीनगर के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ।

अभियान के तहत उम्मीद सागर चौराहा स्थित मुखर्जी उद्यान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यापक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान उद्यान परिसर और आसपास के क्षेत्र से कचरा हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। मुखर्जी उद्यान में आयोजित इस कार्यक्रम के प्रभारी शांतिलाल मामोडिया रहे। जिनकी देखरेख में कार्यकर्ताओं ने श्रमदान किया।

इसी कार्यक्रम की अगली कड़ी में गौ-सेवा और सफाई का संगम देखने को मिला, उदय भान गेट, बेगूँ चौराहा स्थित गायों की 'पो' व चारा स्थल पर भी सघन सफाई अभियान चलाया गया। यहाँ कार्यकर्ताओं ने गायों के विचरण स्थल को स्वच्छ बनाया। इस चरण के प्रभारी प्रहलाद कहार एवं मोहन गुर्जर रहे।

अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को जिला महामंत्री अविनाश जीनगर व नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज सुगंधी ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक बस्ती और वार्ड तक पहुँचकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाना और जनसेवा करना है वरिष्ठजन का सम्मान करना लाभार्थियों से संपर्क करके केंद्र व राज्य की कल्याणकारी व लाभकारी योजनाओं को आमजन तक बताना

कार्यक्रम में राजाराम पोरवाल, जितेंद्र पाराशर, सीताराम बैरवा, मुकेश माली, रमेश मारु, मोहन गुर्जर, भानु सिंह, शांतिलाल मामोडिया, प्रहलाद कहार, दुर्गा लाल कहार, लालाराम नायक, दुर्गा प्रसाद काबरा, रामप्रसाद, राजू कहार, सुरेश मूंदड़ा, देवेंद्र सिंहजी, पवन सुखवाल, नवल सोनी, विक्रम सैनी, नरेश कोली, गोपाल घुसर, राजू कहार(साजन), विठ्ठल शर्मा, कैलाश सोनी, सोनाली पोरवाल, लीला शर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे जिन्होंने उत्साहपूर्वक इस स्वच्छता सेवा में अपना योगदान दिया।

# महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर दिया सामाजिक परिवर्तन का संदेश

## समाज ने कुरीतियों को त्यागने और शिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** आधुनिक भारत के महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर भीलवाड़ा के माली समाज द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस गौरवशाली अवसर पर समाज ने कुरीतियों को त्यागने और शिक्षा के माध्यम से सर्वांगीण विकास का नया संकल्प लिया। संस्थान के सचिव एडवोकेट राजकुमार माली ने बताया कि जयंती की पूर्व संध्या (10 अप्रैल 2026) को नेहरू रोड स्थित फुले सर्कल पर महात्मा की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किए गए। दीपों की इस श्रृंखला के माध्यम से समाज ने 'अंधेरे से रोशनी' की ओर बढ़ने का संदेश दिया एवं कहा कि ''अब समय आ गया है कि हम पुरानी सामाजिक कुरीतियों को पीछे छोड़ें। महात्मा फुले का जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा ही वह एकमात्र अस्त्र है जिससे समाज में वास्तविक समानता और प्रगति लाई जा सकती है।'' साथ ही 11 अप्रैल को मुख्य समारोह के दौरान प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महात्मा फुले के संघर्षों और समाज सुधार के कार्यों को याद किया गया। इस दौरान आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने जोर दिया कि आधुनिक युग में सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रगति केवल शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। इस अवसर पर पूर्व पार्षद नंद लाल माली व ओंकार माली, संस्थान अध्यक्ष बद्रीलाल माली, मदन माली, दिनेश माली, बबलु माली, कांग्रेस जिलाध्यक्ष जीपी खटीक, जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेद सिंह राठौड़, मथुरा लाल माली, राजेंद्र माली, बंशी लाल माली, दौलत माली, सुमित माली, छोटू माली, मीठूलाल माली, श्यामलाल माली, भैरूलाल माली, देबीलाल माली, छोटू लाल माली, प्रभुलाल माली सहित समाज के विभिन्न संगठनों के कई पदाधिकारी, प्रबुद्ध जन व सैकड़ों की संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

# ज्योतिबा महात्मा फुले का 199वां जन्मदिवस मनाया



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर विचार मन संस्थान द्वारा देश में सामाजिक क्रांति के अग्रदूत नारी शिक्षा के प्रणेता ज्योतिबा महात्मा फुले का 199 जन्मदिवस डॉ भीमराव अंबेडकर स्मारक पर मनाया गया सभी ने ज्योतिबा महात्मा फुले के जीवन से प्रेरणा लेकर बल देते हुए कहा कि किसी भी समाज की प्रगति महिलाओं की प्रगति से मानी जाती है अच्छा महिलाएं अधिक से अधिक शिक्षित हो और समाज की कुरीतियों को त्यागे महात्मा फुले ने 1848 में नारी शिक्षा के कई स्कूल खोली थी। इस अवसर पर मंच के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र घूसर, समाजसेवी रामेश्वर लाल सोलंकी, लादूराम चावला, देबी लाल बेरवा, पूर्व पार्षद देवीलाल रेगर, थान मल परिहार, सत्यनारायण खटीक, पुष्पेंद्र कुमार घूसर, महादेव रेगर, शंकर लाल सोलंकी, भेरूलाल खटीक फौजी, रमेश चंद्र घूसर, रमन बेरवा, सुरेंद्र कुमार घूसर सहित कई लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर आगामी अंबेडकर जयंती समारोह की तैयारी को भी अंतिम रूप दिया गया। मंच के जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र घूसर ने बताया कि 14 अप्रैल को संविधान निर्माता का जन्म दिवस शाहपुरा कस्बे में समारोह पर्व मनाया जाएगा। इस दिन प्रात 10:00 बजे फुलिया गेट से लेकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्मारक तक राष्ट्रीय एकता, अखंडता, सांप्रदायिक सद्भाव, दलित चेतना को लेकर विशाल संकल्प रैली निकाली जाएगी। रैली के समापन पर विशाल आम सभा आयोजित होगी जिसमें प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा साथ ही शाहपुरा कस्बे के अलावा आस-पास के कई पंचायत मुख्यालय में भी समारोह पूर्वक बाबा साहेब का जन्म दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती

### महात्मा फूले के विचार आज के दौर में भी प्रासंगिकः माली

स्मार्ट हलचल



**गुरला।** भीलवाड़ा महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर फूले सेवा संस्थान एवं माली (सैनी) महासभा के तत्वावधान में जिला मुख्यालय स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए भक्ति भाव और निष्ठा पूर्वक प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई।

जयंती समारोह की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के अध्यक्ष गोपाल लाल माली ने कहा कि भारत के महान सामाजिक पुरोधा महात्मा ज्योतिबा फूले के विचार और उनका दृष्टिकोण आज के इस दौर में भी प्रासंगिक है। युवा, महिला, पुरूष उनके जीवन मूल्यों को अपने जीवन में उतार कर स्वयं का ही नहीं अपितु परिवार, समाज और राष्ट्र का भी कल्याण कर सकते है। विचार गोष्ठी से पूर्व फूले के अनुयायियों ने फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन कर सभी ने उनके विचारों को अपनाकर उनके बताये मार्ग पर चलने का सकल्प लिया। विचार गोष्ठी में सभी वक्ताओं ने भारत सरकार से महात्मा ज्योतिबा फूले को भारत रत्न देने की मांग भी की।

इस अवसर पर माली सैनी महासभा के प्रदेश मंत्री हरनारायण माली, जिला अध्यक्ष भैरूलाल माली, जिला महामंत्री सत्यनारायण माली, माली महासभा युवा अध्यक्ष उदयलाल माली, सैनी कर्मचारी संस्था के अध्यक्ष तोताराम सांखला, सचिव कन्हैयालाल माली, वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार माली, जिला यूनेस्को एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, बंसीलाल माली, नानूराम गोयल, संपत बुलीवाल, शंकर माली, पवन सैनी, आयुष सैनी, चौथमल रागस्या, शंभु बुलिवाल, सम्पत माली, भैरूलाल माली, डॉ. नारायण लाल माली, श्रीमती उषा अग्रवाल, श्रीमती मधु शर्मा, लक्ष्मण सरिवाल, मोहन बुलिवाल, रामचन्द्र मून्दड़ा, शंकर माली सहित फूले के अनेक अनुयायी उपस्थित थे।

# महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर दी पुष्पांजलि, गूँजे जयघोष के नारे



स्मार्ट हलचल| काछोला

बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में महान समाज सुधारक,राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर अंबेडकर सर्किल पर मंच के पदाधिकारियों ने ज्योतिबा फूले की फ़ोटो फ्रेम पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में मंच अध्यक्ष मनीष मेघवंशी ने माल्यार्पण एवम पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ज्योतिबा फुले अमर रहे जयघोष से उनके जीवन संघर्ष को याद किया।

संयोजक दुर्गा लाल बैरवा ने कहा कि ज्योतिबा फुले ने महिला शिक्षा और सामाजिक समानता स्थापित करने के लिए सत्य शोधक समाज की स्थापना की और जीवनपर्यंत सामाजिक कुरीतियों एवं अंधविश्वासों के खिलाफ जन जागरूकता पैदा की।

पुष्पांजलि कार्यक्रम में विचार मंच उपाध्यक्ष प्रेमचंद रेगर, सत्यनारायण मेघवंशी, अरविंद माली, चांदमल रेगर असलम रंगरेज अभिषेक मेघवंशी राजूलाल बैरवा राधेश्याम कंजर कैलाश चंद्र रेगर लखन हरिजन लोकेश खटीक राकेश मेघवंशी सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# सीबीईओ ने विधायक से की कोटड़ी विद्यालय के नवीन भवन की मांग

### एक घण्टे में ही प्रस्ताव बनाने के दिये आदेश

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** मुख्यालय पर संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन कि स्थिति सन्तोषप्रद नही होने तथा नामांकन के अनुसार कमरे का अभाव के अलावा परिसर काफी छोटे होने से आरही परेशानी को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक ने जहाजपुर विधायक गोपी चन्द मीणा को पत्र लिखा। उन्होंने पत्र में बताया कि कोटड़ी ब्लॉक के सबसे बड़े विद्यालय में उच्च शिक्षा के सभी कला, वाणिज्य, विज्ञान तथा कृषि संकाय संचालित है। विद्यालय का नामांकन भी निरन्तर बढ़ोतरी कर रहा है। कक्षा 1 से 12 तक कि कक्षा संचालित होने से विद्यालय में भवन के कमरों की ओर जरूरत के साथ ही निर्मित कमरे भी अपेक्षाकृत अच्छे नही होने से बालको को परेशानी रहती है। उन्होंने विद्यालय परिसर छोटे होने के कारण अलग जगह तय कर नवीन भवन बनाने के लिए बजट आवंटित करवाने की मांग जहाजपुर विधायक से की। पत्र प्रेषित करने के एक घण्टे में ही विधायक गोपी चन्द मीणा ने कोटड़ी मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन को दूरभाष पर ही अधिकारियों से मिल कर नवीन स्थान व भवन का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। उन्होंने मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार पारीक को बालको के भविष्य के प्रति सजगता व विद्यालय भवन की मांग के लिए धन्यवाद देते हुए शीघ्र ही चर्चा कर कार्यवाही अमल में लाने का आश्वासन दिया। विधायक की तप्परता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लक्ष्मी लाल मीणा व स्टाफ ने भी आभार जताया।

# शाहपुरा जिला चिकित्सालय को मिला स्पेशलिस्ट दंत चिकित्सक

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** स्थानीय जिला चिकित्सालय में स्पेशलिस्ट दंत चिकित्सक ने पदभार ग्रहण कर लिया है, जिससे अब क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। स्पेशलिस्ट दंत चिकित्सक डॉ. रवि वर्मा ने बताया कि उन्होंने मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में विशेषज्ञता हासिल की है और वर्तमान में जिले के किसी भी सरकारी चिकित्सालय में इस प्रकार का विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने जानकारी दी कि अब फेशियल इंजरी, जबड़े का फ्रैक्चर और कटे-फटे जबड़े से संबंधित जटिल मामलों का उपचार शाहपुरा जिला चिकित्सालय में ही संभव होगा। इसके लिए मरीजों को भीलवाड़ा या अन्य बड़े शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

डॉ. वर्मा इससे पहले शाहपुरा के सेटेलाइट चिकित्सालय में दंत चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उनके जुड़ने से जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ होने की उम्मीद है।

# भाजपा नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी के नेतृत्व में 'वार्ड चलो अभियान' की बैठक संपन्न

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से 'वार्ड चलो अभियान' के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का नेतृत्व नगर अध्यक्ष अमित तिवाड़ी ने किया, जबकि विधायक लादू लाल पीतलिया मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए वार्ड स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने, बूथ प्रबंधन को सुदृढ़ करने और जनसंपर्क बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई।

बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि पार्टी की सफलता का आधार मजबूत संगठन और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक वार्ड में सक्रियता बढ़ाने और आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने की रणनीति तैयार की गई। कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपते हुए उन्हें घर-घर संपर्क अभियान को तेज करने के निर्देश दिए गए।

बैठक के पश्चात विधायक लादू लाल पीतलिया और पार्टी कार्यकर्ताओं ने 'मील के बालाजी' मंदिर परिसर में सामूहिक सफाई अभियान चलाया। इस दौरान स्वच्छता का संदेश देते हुए आमजन को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया गया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

सामाजिक सरोकारों के तहत विधायक पीतलिया ने माली समाज द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लिया और स्वयं रक्तदान कर युवाओं को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है, जिससे कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

इस अवसर पर पूर्व महापौर मंजू चेचानी, भीलवाड़ा विधानसभा मुकेश, रायपुर प्रशासक रामेश्वर छिपा सहित पार्टी के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई।

# बिजौलियाँ मे मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र की हुई शुरुआत

## सेवा, संवेदना, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक सहयोग की नगर पालिका बिजौलिया की एक विधिसम्मत एवं जनकल्याणकारी पहल

स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** बिजौलिया नगर पालिका क्षेत्र में विधायक गोपाल लाल शर्मा द्वारा मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र को विधिवत रूप से आमजन को समर्पित किया गया। यह केंद्र नगर पालिका बिजौलिया की एक महत्वपूर्ण सामाजिक एवं जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य समाज सेवा, पुनर्चक्रण, सुव्यवस्थित दान प्रबंधन तथा वास्तविक जरूरतमंद व्यक्तियों तक समयबद्ध एवं उपयुक्त सहायता सुनिश्चित करना है। यह केंद्र दानदाता एवं जरूरतमंद के मध्य एक पारदर्शी, विश्वसनीय एवं उत्तरदायी तंत्र के रूप में कार्य करेगा।

इस अवसर पर अधिशाषी अधिकारी पंकज कुमार मंगल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र की संकल्पना समाज में दान एवं सहायता को एक व्यवस्थित, उद्देश्यपूर्ण एवं प्रभावी स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने बताया कि पूर्व में आयोजित मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान यह तथ्य सामने आया कि अनेक दानदाता सहायता प्रदान करने के इच्छुक होते हैं, परंतु उन्हें वास्तविक जरूरतमंद व्यक्ति एवं उसकी वास्तविक आवश्यकता की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाती। परिणामस्वरूप कई बार सहायता अपने उद्देश्य से भटक जाती है और न तो दान का पूर्ण लाभ प्राप्त हो पाता है और न ही जरूरतमंद को उसकी आवश्यकतानुसार सहायता मिल पाती है।



उक्त समस्या के समाधान हेतु मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र की स्थापना की गई है। यह केंद्र जरूरतमंद व्यक्तियों की आवश्यकताओं का विधिवत सत्यापन कर उनका अभिलेख तैयार करेगा तथा दानदाताओं को प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराएगा। इससे दानदाता अपनी सहायता को सही दिशा में, सही उद्देश्य के लिए एवं सही व्यक्ति तक पहुँचाने में सक्षम होंगे तथा उन्हें इस बात का संतोष प्राप्त होगा कि उनका योगदान वास्तविक सामाजिक हित में उपयोग हो रहा है।

मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आरआरआर घटक के अनुरूप भी कार्य करेगा। इसके अंतर्गत आमजन से उपयोग योग्य वस्तुएँ जैसे पुराने कपड़े, जूते, पुस्तकें, लेखन सामग्री, खिलौने, बिस्तर, कंबल, दवाइयाँ, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण आदि संग्रहित कर उनका पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इससे संसाधनों के कुशल उपयोग के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा एवं अनावश्यक कचरे में कमी आएगी।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के अंतर्गत बर्तन बैंक की स्थापना भी की गई है। बर्तन बैंक का उद्देश्य डिस्पोजेबल बर्तनों के उपयोग से उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे में कमी लाना तथा आमजन को डिस्पोजेबल बर्तनों पर होने वाले अनावश्यक आर्थिक व्यय से राहत प्रदान करना है। इसके माध्यम से सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों हेतु निःशुल्क अथवा न्यूनतम शुल्क पर बर्तन उपलब्ध करवाए जाएंगे।

इस अवसर पर विधायक गोपाल लाल शर्मा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि दान एक पवित्र सामाजिक कर्तव्य है, परंतु उसका प्रभाव तभी सार्थक होता है जब वह सही आवश्यकता के अनुरूप एवं सही माध्यम से किया जाए। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि दान करने से पूर्व मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र के माध्यम से जरूरतमंद की वास्तविक आवश्यकता की जानकारी अवश्य प्राप्त करें, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी जरूरतमंद सहायता से वंचित न रहे और दानदाता का योगदान पूर्णतः सार्थक सिद्ध हो।

मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र केवल सामग्री वितरण तक सीमित न रहकर शिक्षा, स्वास्थ्य, विवाह सहायता एवं अन्य सामाजिक आवश्यकताओं के क्षेत्र में भी जरूरतमंदों को सहयोग प्रदान करेगा। यह केंद्र नगर पालिका क्षेत्र में सामाजिक उत्तरदायित्व, पारदर्शिता एवं संवेदनशील प्रशासन की एक सशक्त मिसाल के रूप में कार्य करेगा। अंततः, मुख्यमंत्री सद्भावना केंद्र नगर पालिका बिजौलिया की एक दूरदर्शी, विधिसम्मत एवं जनहितैषी पहल है, जो सेवा, सहयोग, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता को संस्थागत स्वरूप प्रदान करते हुए समाज में स्थायी सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# राशन डीलर का लाइसेंस निलंबित, अनियमितता पर गाज

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला रसद विभाग ने आमजन के हक पर डाका डालने वाले लापरवाह दुकानदारों के खिलाफ सख्त रुख अपना लिया है। विजयनगर शहर में राशन वितरण में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर जिला रसद अधिकारी ने एक उचित मूल्य दुकान का प्राधिकार पत्र तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

प्रवर्तन निरीक्षक, मसूदा की जांच रिपोर्ट में विजयनगर के उचित मूल्य दुकानदार गिरीराज (एफपीएस कोड 1461) के कामकाज में गंभीर खामियां और अनियमितताएं पाई गई थीं। रिपोर्ट के आधार पर जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने कार्रवाई करते हुए उक्त दुकान का लाइसेंस निलंबित करने के आदेश जारी किए।

प्रशासन ने सुनिश्चित किया है कि इस कार्रवाई से आम जनता के राशन वितरण पर कोई असर न पड़े। इसके लिए विभाग ने तुरंत निम्नलिखित वैकल्पिक व्यवस्थाएं लागू की हैं

मुख्य अटैचमेंट : निलंबित दुकान (कोड 1461) के उपभोक्ताओं को अब श्री मुकेश प्रजापत (कोड 1424) की दुकान से राशन मिलेगा।

अतिरिक्त व्यवस्था : कोट संख्या 1248 से जुड़े उपभोक्ताओं को वितरण के लिए रमेश चन्द्र (कोड 0998) की दुकान से संबद्ध किया गया है।

जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने कहा, 'आमजन को खाद्य सामग्री प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी संबंधित वार्डों के पात्र उपभोक्ताओं को नियमानुसार और समय पर राशन मिले, इसके लिए वैकल्पिक केंद्रों को सख्त निर्देश जारी कर दिए गए हैं।'

# युवा शक्ति क्लब ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** कस्बे के सामाजिक संगठन युवा शक्ति क्लब द्वारा भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए सराहनीय पहल की गई। क्लब के सदस्यों ने देवनारायण मंदिर परिसर, एसडीएम कार्यालय तथा सिविल न्यायालय परिसर में परिंडे बांधकर उनमें नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया। साथ ही इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।

सदस्यों ने आमजन से अपील की कि वे भी अपने घरों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करें, जिससे गर्मी के मौसम में उनकी जान बचाई जा सके।

इस अवसर पर चंद्र प्रकाश मेवाड़ा, जगदीश बिल्लू, मंदिर के पुजारी हंसराज गुर्जर, भगतजी, एडवोकेट नरेश सिंह तंवर, गौरव शर्मा, मनीष धाकड़, सुनील धाकड़, हितेश धाभाई, सुनील खटीक, सूरज तांगड़, प्रेम कुमार राजौरा, दीपक लोहार, मनीष शर्मा एवं दिनेश जाटव सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# फूले जयंती पर 136 ने किया रक्तदान, निकाली वाहन रैली

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर।** माली समाज गंगापुर द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती के अवसर पर शनिवार को मालियान धर्मशाला में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 13 महिलाओं सहित कुल 136 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। सभी रक्तदाताओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शिविर में एकत्रित रक्त का संग्रह महात्मा गांधी चिकित्सालय भीलवाड़ा एवं भीलवाड़ा ब्लड बैंक की टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक लादूलाल पितलिया, विधायक प्रत्याशी राजेन्द्र त्रिवेदी, पूर्व पीसीसी सदस्य चेतन प्रकाश डीडवानिया, श्याम लाल पुरोहित, नारायण लाल उपाध्याय सहित अन्य अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि 'रक्तदान महादान है, इसकी वास्तविक महत्ता वही समझ सकता है जिसका कोई अपना जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा हो।' उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फूले के शिक्षित बनने, संगठित रहने और संघर्ष करने के संदेश को अपनाने का आह्वान किया।



शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष नंदकिशोर गहलोत, उपाध्यक्ष भैरूलाल माली, सचिव कैलाश चंद्र टांक, वित्त सचिव रामप्रसाद माली एवं प्रभारी प्रभुलाल माली सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा महात्मा फूले की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस दौरान मोतीलाल गहलोत, छोटू लाल माली, राजेन्द्र माली, धर्मेन्द्र माली, मनीष इंदोरा, राहुल देव माली, भावेश सैनी, जगदीश गहलोत, हंसराज माली, सुभाष पंवार, गोपाल मारोठिया, सांवर माली सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर के पश्चात नगर में भव्य वाहन रैली निकाली गई, जो मुख्य मार्गों से होते हुए ज्योतिबा फूले सर्कल पहुंची। वहां महात्मा फूले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया गया। रैली का मार्ग में विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# चित्तौड़गढ़ को मिली नई पहचानः मेवाड़ माउंटेन फुटबॉल क्लब 'आर-लीग' का पोस्टर विमोचन



स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ़

हाल ही में संपन्न हुई अंडर-20 बालक राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह के अवसर पर जिले के फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण और उत्साहजनक घोषणा सामने आई। चित्तौड़गढ़ का मेवाड़ माउंटेन फुटबॉल क्लब अब आर-लीग में भागीदारी हेतु आधिकारिक पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण कर चुका है तथा शीघ्र ही अंतिम स्वीकृति मिलने की संभावना है।

समारोह के दौरान क्लब के पोस्टर का विधिवत विमोचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि छोटी सादड़ी के पूर्व प्रधान मनोहर लाल आंजना सहित पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी, पूर्व डेयरी चेयरमैन बद्री लाल जगपुरा, जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष पूरण आंजना, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष गोविन्द शर्मा, राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत, निंबाहेड़ा के पूर्व पालिकाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शारदा, क्रय-विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल आंजना, डीएफए कोषाध्यक्ष मनोज पारख, उपाध्यक्ष रामकिशन चौधरी एवं जिला खेल परिषद के पूर्व सदस्य मुकेश पारख उपस्थित रहे।

सभी अतिथियों ने क्लब के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इस पहल को जिले के खेल विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। क्लब के सचिव धर्मेंद्र सिंह तंवर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्लब द्वारा राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन की आर-लीग में भागीदारी के लिए आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात प्रदेशभर के खिलाड़ियों को इस मंच पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

यह उपलब्धि चित्तौड़गढ़ जिले के फुटबॉल खिलाड़ियों के लिए एक नई सौगात के रूप में देखी जा रही है। इससे स्थानीय प्रतिभाओं को अपने कौशल को निखारने, प्रतिस्पर्धात्मक अनुभव प्राप्त करने तथा राज्य स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। समारोह के दौरान क्लब के नवीन लोगो का भी विधिवत विमोचन किया गया, जिसे उपस्थित अतिथियों एवं खेल प्रेमियों ने सराहा और क्लब के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में जिला फुटबॉल संघ एवं मॉर्निंग फुटबॉल क्लब चित्तौड़गढ़ के सदस्य–फैसल खान, शाहिद हुसैन, मोहम्मद शकील मंसूरी, ज़ाकिर हुसैन, ओम नाथ, लखन नाथ, इफ्तेखार अहमद, रफीक खान, मनदीप सिंह सोलंकी, नवदीप, आरिफ, इमरान, वसीम, बंटी, सुनील सोनी, पुष्कर, दिलीप जोशी, कम्मू, मदन, अजय प्रजापत, इब्राहिम, पवन, हिमांशु, हसन, पीयूष, प्रशांत तिवारी, शूरवीर, रेहान, कमलेश वैष्णव, विष्णुदेव मेहता, अकरम, आसिफ एवं आरिफ छिपा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। अंततः, यह पहल चित्तौड़गढ़ में फुटबॉल के समग्र विकास को नई दिशा देने के साथ-साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह कदम जिले को खेल मानचित्र पर सशक्त पहचान दिलाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी मिलने पर आरएफए सचिव दिलीप सिंह शेखावत का हुआ भव्य सम्मान, खेल जगत में खुशी की लहर

स्मार्ट हलचल | चित्तौड़गढ

ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के निर्देशानुसार आयोजित हुई स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप -20 2025-26 की मेजबानी पहली बार जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ को मिलने पर पूरे खेल जगत में उत्साह का माहौल है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर राजस्थान फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव दिलीप सिंह शेखावत का जिला मुख्यालय पर गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। जिला फुटबॉल संघ चित्तौड़गढ़ के अध्यक्ष पूरण आंजना के नेतृत्व में आयोजित सम्मान समारोह में खेल भावना और आपसी सौहार्द का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। सेकेट्री फैसल खान, जॉइंट सेकेट्री धर्मेन्द्र सिंह तंवर, शाहिद हुसैन, मोहम्मद शकील मंसूरी, ज़ाकिर हुसैन सहित खेलप्रेमियों ने दिलीप सिंह शेखावत को मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर, उपरणा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका अभिनंदन किया।



इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि चित्तौड़गढ़ को मेजबानी मिलना जिले के खिलाड़ियों के लिए एक सुनहरा अवसर है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को निखरने और राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने का मंच मिलेगा। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाएगा, बल्कि जिले में खेल संस्कृति को भी नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

कार्यक्रम के दौरान डीएफए एवं मॉर्निंग क्लब के ओम नाथ, लखन नाथ, इफ्तेखार अहमद, रफीक खान, मनदीप सिंह सोलंकी, नवदीप, आरिफ, इमरान, वसीम, बंटी, सुनील सोनी, पुष्कर, दिलीप जोशी, कम्मू, मदन, अजय प्रजापत, इब्राहिम, पवन, हिमांशु, हसन, पीयूष, प्रशांत तिवारी, शूरवीर, रेहान, कमलेश वैष्णव, विष्णुदेव मेहता, अकरम, आसिफ एवं आरिफ छिपा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। अंत में सभी ने विश्वास जताया कि चित्तौड़गढ़ इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का सफल आयोजन कर खेल जगत में अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा और आने वाले समय में राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए भी मार्ग प्रशस्त करेगा।

# भीलवाड़ा पुलिस को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का नोटिस

## उत्पीड़न व जातिगत भेदभाव के आरोपों पर 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी किया है। आयोग ने 15 दिनों में विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। शिकायतकर्ता जीवन ऐरवाल के अनुसार 28 नवंबर 2024 को मीरा सर्कल स्थित एक निजी कंपनी में विवाद के दौरान उनके साथ मारपीट व जातिसूचक शब्दों से अपमान किया गया। आरोप है कि पुलिस ने मदद करने के बजाय उन्हें हिरासत में लेकर मारपीट की और जबरन हस्ताक्षर करवाए।

स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं होने पर पीड़ित ने आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग ने समय पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। वहीं सामाजिक संगठनों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।

# बड़लियास सीएचसी का शिलान्यास कल

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर।** बड़लियास कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास कल रविवार को सांसद दामोदर अग्रवाल व मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल के द्वारा किया जाएगा । नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत ने बताया कि बड़लियास कस्बे में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास कल रविवार को किया जाएगा । रविवार दोपहर 12 बजे बस स्टैंड के पास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल, अध्यक्षता मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल व अति विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, मांडलगढ़ विधानसभा संयोजक अनिल पारीक शिलान्यास करेंगे।

# शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर रेस्टा ने सौंपा ज्ञापन, समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल | कठूमर

राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ (रेस्टा) के बैनर तले शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रदेश महासचिव मनोज धाभाई के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) योगेश डागुर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में शिक्षकों से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मांगों को प्रमुखता से उठाया गया।

ज्ञापन में बताया गया कि शिक्षकों की डीपीसी में वरिष्ठता विलोपन की समस्या का समाधान किया जाए। साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाश को 17 जून के स्थान पर बढ़ाकर 30 जून तक करने की मांग की गई। संस्था प्रधान के अधिकृत अवकाश को पूर्व की भांति दो दिन करने तथा विवेकानंद मॉडल स्कूलों एवं महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को पांच वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर उनके मूल विभाग में उचित स्थान पर प्रतिस्थापन देने की मांग भी रखी गई।

इसके अलावा शिक्षकों के हित में पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। रेस्टा पदाधिकारियों ने कहा कि लंबे समय से लंबित इन मांगों का शीघ्र समाधान किया जाना आवश्यक है, ताकि शिक्षकों को राहत मिल सके और शिक्षा व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके।

जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र राजोरिया ने बताया कि यदि सरकार द्वारा शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो राजस्थान वरिष्ठ शिक्षक संघ (रेस्टा) आंदोलन करने को बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला महामंत्री राजकुमार रिजवानिया, राजेंद्र चौधरी, राजेश योगी, ब्लॉक अध्यक्ष दिलावर सिंह, गजानंद यादव सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# खेडली में महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 199वीं जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम, निकाली भव्य शोभायात्रा

स्मार्ट हलचल | खेड़ली

महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की 199वीं जयंती के उपलक्ष्य में शनिवार को खेरली सैनी समाज विकास समिति के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे शहर में उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के अंतर्गत शाम को खेड़ली शहर में भव्य शोभायात्रा के साथ कलश यात्रा निकाली गई जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक रमेश खींची द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। शोभायात्रा में कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने लोगों का मन मोह लिया।

इस दौरान युवा पुरुषों एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समाज में एकता व जागरूकता का संदेश दिया। शोभायात्रा पूरे शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली, जहां जगह-जगह स्वागत भी किया गया।

कार्यक्रम के माध्यम से महात्मा फुले के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में शिक्षा व समानता के महत्व को उजागर करने का संदेश दिया गया।

इस मौके पर सैनी समाज के अध्यक्ष पुरुषोत्तम सैनी, पूर्व अध्यक्ष मोहर सिंह सैनी, राजेंद्र सैनी, राधेश्याम सैनी, ग्यारसा सैनी, शैलेश समूची, सुरेश सैनी, मुकेश सैनी, परसराम सैनी, जगदीश सैनी, नेमी सैनी, मानक सैनी, विष्णु सैनी, कमलेश सैनी, भजन सैनी, नटवर सैनी सहित सैनी समाज के वरिष्ठ भामाशाह, पदाधिकारी एवं समाजसेवी बड़ी संख्या में उपस्थत रहे।

# समाज को अपनी संस्कृति, गौरवशाली इतिहास, परंपराओं और मूल्यों के प्रति सजग रहना होगा- श्याम मनोहर

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** सदभावना पूर्वक रहे, सम्मान दे एवं परस्पर सहयोग करें समाज जोड़ने का प्रमुख कार्य यही है । गत 100 वर्षों से संघ समाज में जन जागरण का कार्य करता आया है । प्रत्येक गांव में एक मंदिर, एक पनघट एवं एक शमशान हो जहां समाज के सब बंधु जा सके । इससे समाज में एकता प्रगाढ़ होगी । आज के युवाओं को नौकर नहीं मालिक बनने की मानसिकता पर काम करने का संदेश दिया । यह बात शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के निमित्त आयोजित हो रहे, प्रबुद्ध जन गोष्ठी कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान क्षेत्र के संपर्क प्रमुख श्याम मनोहर ने गोष्ठी में मौजूद प्रबुद्ध जनों से कहीं उन्होंने ने राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की । उन्होंने बताया कि संघ का उद्देश्य एक सशक्त, संगठित और संस्कारवान समाज का निर्माण करना है । भारत का अतीत गौरवशाली रहा है, समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति सजग रहना होगा । समाज विखंडन को देश की सबसे बड़ी कमजोरी मानते हुए समाज को एकजुट रखने का आह्वान किया । संघ के शताब्दी वर्ष की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपदाओं के समय संघ कार्यकर्ता हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहे हैं । उन्होंने युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास और महापुरुषों से प्रेरणा लेते हुए जीवन जीने का संदेश दीया । जन गोष्ठी में बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रबुद्ध जन मौजूद थे ।





कार्यक्रम का संचालन जगदीश चंद्र खटीक ने किया और भाव गीत मनीष शर्मा ने गया । इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता केशव नारायण, भंवरलाल भांबी, मनोज कुमार शर्मा, खंड कार्यवाह सीताराम खटीक, गोपाल प्रजापत, छोटू लाल बलाई, मुकेश तेली, सुरेंद्र सिंह कानावत, तेज सिंह राणावत व मनीष शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

# कोटा में 12 अप्रैल को भव्य अखिल भारतीय चौरसिया युवक-युवती परिचय सम्मेलन

## देशभर से जुटेंगे समाजबंधु, दो दिवसीय आयोजन में सामाजिक एकता व रिश्तों को मिलेगा नया आयाम

## लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला होंगे मुख्य अतिथि, 'सम्बन्ध सेतु' स्मारिका का होगा भव्य विमोचन

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** अखिल भारतीय चौरसिया युवक-युवती परिचय सम्मेलन को लेकर कोटा शहर में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। चौरसिया महासभा राजस्थान प्रांत के तत्वावधान में आयोजित यह दो दिवसीय भव्य आयोजन 11 एवं 12 अप्रैल को पोरवाल भवन, सुभाष नगर में संपन्न होगा। इस सम्मेलन में राजस्थान के साथ-साथ मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दिल्ली सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की सहभागिता रहेगी, जिससे यह आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण सामाजिक मंच के रूप में उभरेगा।





कार्यक्रम की शुरुआत 11 अप्रैल शनिवार को प्रातः 9 बजे कार्यक्रम स्थल पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गायत्री हवन द्वारा की गई, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात शाम को महिला मंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें 12 अप्रैल को होने वाले मुख्य सम्मेलन की व्यवस्थाओं, अतिथि स्वागत, मंच संचालन एवं कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। सायं 7 बजे प्रांतीय अधिवेशन आयोजित हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों–शिक्षा, संगठन विस्तार, युवा सहभागिता एवं सामाजिक एकता–पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

मुख्य कार्यक्रम 12 अप्रैल रविवार को प्रातः 9 बजे दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ प्रारंभ होगा। इसके पश्चात 9:30 बजे अतिथि सत्कार एवं सामूहिक उद्बोधन होगा, जबकि प्रातः 10 बजे 'सम्बन्ध सेतु' द्वितीय परिचय स्मारिका का विमोचन एवं संपादकीय उद्बोधन आयोजित किया जाएगा। इसके बाद प्रातः 10:30 बजे से युवक-युवती परिचय सम्मेलन की शुरुआत होगी, जिसमें देशभर से आए युवक-युवतियां भाग लेकर वैवाहिक संबंधों की नई संभावनाएं तलाशेंगे।

दोपहर 2 बजे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभाध्यक्ष ओम बिरला के आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति आयोजन को विशेष महत्व प्रदान करेगी। इसके पश्चात दोपहर 3 बजे भामाशाह सम्मान समारोह, सायं 4 बजे विशिष्ट जन सम्मान समारोह तथा शाम 5 बजे कार्यकारी अध्यक्ष के संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

इस दौरान सम्मेलन सह कोषाध्यक्ष जगदीश चौरसिया (गेंडोली), पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र चौरसिया, कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, महामंत्री दीपक चौरसिया, कोषाध्यक्ष राधेश्याम चौरसिया, प्रवक्ता रामबाबू चौरसिया, मीडिया प्रभारी अमित चौरसिया, नयापुरा महिला मंडल अध्यक्ष एवं खेड़ली फाटक महिला मंडल अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

वहीं चौरसिया महासभा राजस्थान प्रांत के प्रदेश संरक्षक लक्ष्मीचंद चौरसिया, प्रदेश संयोजक दिनेश चौरसिया (टोक), प्रदेश अध्यक्ष धनराज चौरसिया (अंता), प्रदेश महामंत्री हेमंत चौरसिया, प्रदेश कार्यकारी कोषाध्यक्ष रूपनारायण चौरसिया, प्रदेश कार्यालय एवं मीडिया प्रभारी कमलेश चौरसिया, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ प्रभारी मयंक चौरसिया, सम्मेलन संयोजक एडवोकेट जितेंद्र चौरसिया, सम्मेलन सह संयोजक चंद्रप्रकाश चौरसिया, कार्यक्रम अध्यक्ष दिनेश चौरसिया (खेड़ली फाटक), सम्मेलन महामंत्री दिनेश चौरसिया (नयापुरा), सम्मेलन कोषाध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया (अड़ूसा) समेत अन्य समाजजन मौजूद रहे।

मीडिया प्रभारी कमलेश चौरसिया और संजय चौरसिया ने बताया कि यह सम्मेलन समाज के युवाओं के लिए एक सशक्त मंच है, जहां वैवाहिक परिचय के साथ-साथ सामाजिक समरसता, एकता और संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और देशभर से आने वाले अतिथियों के स्वागत के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। आयोजकों ने समाजबंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# अन्न के कम भाव मिलने के सदमे से हुई किसान की मौत, बंधाया ढांढस



स्मार्ट हलचल

**कोटा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व कोटा जिला प्रभारी पुष्पेन्द्र भारद्वाज सांगोद विधानसभा के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने देहात जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के साथ बुधवार को भामाशाह मंडी में गेंहू की फसल का कम दाम मिलने से झाड़ आमली निवासी हंसराज वैष्णव की दर्दनाक मोत पर उसके घर पहुंचकर परिवारजनो से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। भारद्वाज ने कहा आज दिन तक भी सरकार का कोई सहयोग ग़रीब किसान के परिवार नहीं मिला,इस दौरान सिंह ने कहा की वह दुःख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं व हर संभव मदद के लिए तैयार है,मृतक हंसराज कच्चे मकान में रहता था और जमीन मुनाफा काश्त करके गुज़ारा करता था उसकी आर्थिक स्थिति ठीक थी, बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से फसल को काफ़ी नुक़सान हुआ था, वहीं शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम कोटा के अतिरिक्त जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में 25 लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की मांग की है। इस दौरान सांगोद ब्लॉक के अध्यक्ष मिर्जा शकील अहमद,पुर्व जिपस रामराज यादव, जिला कोषाध्यक्ष चमन बक्श, भोजराज गुर्जर, सिंटू नागर सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध, मोबाइल व अपराध के प्रतिग प्रति किया जागरूक

स्मार्ट हलचल

**वैर।** भरतपुर राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भरतपुर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति वैर के द्वारा वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराध एवं मोबाइल आदि गैजेट्स के दुरुपयोग से हो रहे अपराधों के प्रति न्यायिक अधिकारियों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश मोहित द्विवेदी द्वारा अग्रवाल बाल निकेतन विद्यालय वैर मैं बढ़ रहे साइबर अपराधों एवं मोबाइल आदि के दुरुपयोग से होने वाले मानसिक स्वास्थ्य एवं हानि के प्रति बच्चों को जागरूक किया, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य नायक मजिस्ट्रेट संख्या प्रथम नमो नारायण मीणा द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मॉडर्न पब्लिक विद्यालय वैर में बढ़ रहे साइबर अपराधों, बैंक से संबंधित ओटीपी पासवर्ड , मोबाइल फोन पर आए हुए अनजान लिंग पर क्लिक करने से होने वाले फ्रॉड के प्रति बच्चों को जागरूक किया तथा आधारित वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या द्वितीय शैली परवाल द्वारा पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वैर एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गांव समराया में बच्चों को बढ़ रहे साइबर अपराध, साइबर फ्रॉड, अनजान लिंक पर क्लिक न करने, मोबाइल फोन आदि के दुरुपयोग से बचाव के प्रति जागरूक किया साथ ही प्रत्येक विद्यालय में सुझाव अथवा शिकायत पेटिका 'कोर्ट वाली दीदी' के नाम से रखी गई जिसमें सभी अपने-अपने सुझाव एवं शिकायत दर्ज कर सकें। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# सूरौठ में बैंड बाजों एवं आकर्षक झांकियों के साथ निकाली महात्मा ज्योतिबा राव फुले की शोभायात्रा

## प्रतिभाओं को किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल | सूरौठ

कस्बे में सैनी माली कुशवाहा समाज की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बैंड बाजों एवं आकर्षक झांकियों के साथ महात्मा ज्योतिबा राव फुले की शोभा यात्रा निकाली गई। यहां बयाना मार्ग स्थित महात्मा ज्योतिबा राव फुले आश्रम में जयंती कार्यक्रम समारोह पूर्वक मनाया गया गया।



सैनी समाज के सूरौठ तहसील अध्यक्ष महेश सैनी एवं महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर टी एल राजावत ने बताया कि जयंती कार्यक्रम की मुख्य अतिथि हिंडौन की पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव थी तथा अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक अनीता जाटव ने की। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी एवं हिंडौन नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष दिनेश चंद सैनी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं सैनी समाज के पंच पटेलों ने महात्मा ज्योतिबा राव फुले की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर की गई। कार्यक्रम में सैनी समाज की प्रतिभाओं को अतिथियों ने शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर परंपरागत तरीके से महात्मा ज्योतिबा फुले की माला की बोली लगाई गई। माला की बोली 65 हजार रुपए में सूरौठ निवासी भामाशाह मोहन भंडारा के नाम रही। जयंती कार्यक्रम महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा समिति के अध्यक्ष टी एल राजावत एवं कोषाध्यक्ष बनैसिंह सैनी की अगुवाई में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जीवनी पर प्रकाश डाला तथा उनके आदर्शों पर चलने की बात कही। शोभायात्रा उदासी के बाग के पास से शुरू हुई तथा बस स्टैंड, बाजार, मुख्य चौराहे, पुलिस चौकी सर्किल, मस्जिद तिराहा, मरघट चौराहा, सब्जी मंडी चौक सहित विभिन्न स्थानों से होती हुई महात्मा ज्योतिबा फुले आश्रम पहुंची। बैंड बाजा के साथ निकाली शोभायात्रा में महात्मा ज्योतिबा फुले, राधा कृष्ण, हनुमान, शिव शंकर सहित कई झांकियां शामिल रही जिन्होंने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा में भामाशाह मोहन भंडारा को घोड़ी पर बैठाकर निकाला गया। शोभायात्रा का बाजार एवं प्रमुख मार्गों पर सर्व समाज के लोगों ने अभिनंदन किया।

# राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ ने सौंपा ज्ञापन



स्मार्ट हलचल | बूंदी

राजस्थान पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक संघ बूंदी द्वारा माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का स्वागत कर ज्ञापन सौंपा।

संगठन के जिलाध्यक्ष मनोज खटीक के नेतृत्व में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपनी पीड़ा से अवगत कराया 23749 पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायको नियमितीकरण की मांग का ज्ञापन स्वागत कर सौंपा।

इस दौरान प्रशासन के द्वारा कड़ी सुरक्षा के बाद भी प्रशासन के सहयोग से मुख्यमंत्री तक जिला अध्यक्ष मनोज खटीक नहीं अपनी बात पहुंचाई। इस दौरान लोक अध्यक्ष सौभाग्य मीणा महासचिव वरुण शर्मा नंदकिशोर शर्मा राजेश सुथार कजोड़ मल सोजीराम मुकेश टॉक राजेश टक राजेश मीणा सहित बड़ी संख्या में पंचायत शिक्षक विद्यालय सहायक उपस्थित रहे।

# अजमेर-रांची-अजमेर साप्ताहिक समर स्पेशल का संचालन(13-13 ट्रिप)

## कोटा मंडल के सवाई माधोपुर जंक्शन, सोगरिया, बारां, छबड़ा गुगोर स्टेशनों पर ठहराव

स्मार्ट हलचल | कोटा

यात्रियों की सुविधा हेतु गाड़ी संख्या 09619/09620 अजमेर-रांची-अजमेर साप्ताहिक समर स्पेशल का संचालन किया जाएगा।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09619 अजमेर-रांची साप्ताहिक समर स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को 17.04.2026 से 10.07.2026 तक कुल 13 फेरों में तथा गाड़ी संख्या 09620 रांची-अजमेर साप्ताहिक समर स्पेशल प्रत्येक रविवार को 19.04.2026 से 12.07.2026 तक कुल 13 फेरों में संचालित होगी।

कोटा मंडल में गाड़ी संख्या 09619 का सवाई माधोपुर जंक्शन पर रात्रि 03.40 बजे, सोगरिया पर 05.25 बजे, बारां पर सुबह 06.18 बजे तथा छबड़ा गुगोर पर 07.08 बजे आगमन रहेगा। वापसी में गाड़ी संख्या 09620 का छबड़ा गुगोर पर सुबह 09.53 बजे, बारां पर 10.55 बजे, सोगरिया पर 11.05 बजे तथा सवाई माधोपुर जंक्शन पर दोपहर 13.25 बजे आगमन रहेगा।

इस गाड़ी में 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 04 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी डिब्बा सहित कुल 20 डिब्बे होंगे। यह गाड़ी रास्ते में दोनों दिशाओं में अजमेर जंक्शन, किशनगढ़, जयपुर जंक्शन, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर जंक्शन, सोगरिया, बारां, छबड़ा गुगोर, रुठियाई जंक्शन, गुना, सागर, दमोह, कटनी मुरवारा, ब्योहारी, सिंगरौली, ओबरा डैम, चोपन, रेनुकूट, गढ़वा रोड जंक्शन, डाल्टनगंज, बरवाडीह जंक्शन, लातेहार, तोरी, लोहरदगा बीएस एवं रांची स्टेशनों पर रुकेगी।

# सांगोद मे संगठन बढ़ाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान के तहत बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** पंचायत राज एवं निकाय चुनाव नहीं कराऐ जाने के खिलाफ 'संगठन बढाओ लोकतंत्र बचाओ' अभियान के तहत धुलेट मंडल की बैठक शुक्रवार को धुलेट स्थित सीताराम जी की बगीची परिसर में आयोजित हुई। बैठक में कोटा जिले के प्रभारी पुष्पेन्द्र भारद्वाज, सह प्रभारी धर्मराज मेहरा, देहात जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह का कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान प्रभारी पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने सरकार को विफल बताया व कहां की सरकार पंचायत राज चुनावो को 6 वर्ष पुर्ण होने पर भी चुनाव नहीं करा पा रही है, सहप्रभारी धर्मराज मेहरा ने कहां की भाजपा सरकार किसानों से किए वादों को पुरा नही कर पा रही हैं, किसानों को फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है, देहात जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने कहां सरकार के मंत्री झाड़ आमली निवासी किसान की दर्दनाक मौत पर चुप्पी साधे हुए हैं, वहीं वर्तमान सरकार के इशारो पर कांग्रेस विचारधारा के जनप्रतिनिधियों को प्रशासक पदों से हटाकर उनकी जगह बिजेपी विचारधारा के लोगों को नियुक्त किया जा रहा है, सांगोद ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जा शकिल ने कहां की सांगोद विधानसभा की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके है , सभी एकजुट होकर संगठन बचाओ लोकतंत्र बचाओ अभियान को बुथ स्तर तक लेकर जायेंगे। मंच संचालन धुलेट मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने किया, इस दौरान बैठक में जिला प्रभारी पुष्पेन्द्र भारद्वाज, सहप्रभारी धर्मराज मेहरा, देहात जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह, सांगोद ब्लॉक अध्यक्ष मिर्जा शकिल अहमद, धुलेट मंडल अध्यक्ष दिग्विजय सिंह मांडुहेडा, मंडल प्रभारी दिनेश नागर, देहात सचिव जगदीश मीणा हिंगोनिया, महावीर पारेता, पुर्व सरपंच घनश्याम नागर, रामावतार, त्रिलोक मीणा, प्रवीण नागर, भवानी शंकर नागर देवी सिंह, सुल्तान भील, सुरज मेहरा, कमल श्रगी, धनराज रायका, किशन रायका, रामप्रसाद केवट, बग्गा बंजारा, रमिक चौरसिया, रमेश बंजारा, मुन्ना गुर्जर, शाबिर पठान, रामगोपाल बैरवा, चन्ताराम, रामबिलास, सत्यनारायण नागर आदि कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# खेरली में हलेना-बड़ौदा मेव एमडीआर सड़क का शिलान्यास आज

स्मार्ट हलचल


**खेरली।** विधानसभा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण हलेना से बड़ौदा मेव एमडीआर सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम खेडली बाईपास स्थित नंदलाल रिसोर्ट में संपन्न होगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान सरकार के गृहमंत्री माननीय जवाहर सिंह बेढम शिरकत करेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहेंगे।

इस सड़क निर्माण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी तथा ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क मजबूत होगा। लंबे समय से इस सड़क के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसके पूर्ण होने से विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के आयोजक कठूमर विधायक रमेश खींची ने क्षेत्र के सभी नागरिकों को इस अवसर पर सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और इससे स्थानीय लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित विभिन्न गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति भी रहेगी।

# फिल्म निर्देशिका व लेखिका सीमा कपूर ने भवानी मंडी में साझा किए अनुभव



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** शनिवार को सिनेमा जगत की प्रसिद्ध आर्ट फ़िल्म निर्देशिका, निर्मात्री व लेखिका सीमा कपूर ने अपने भवानीमंडी प्रवास के दौरान वरिष्ठ एडवोकेट कैलाश जैन के यहाँ आई हुई थी। सीमा कपूर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि भवानी मंडी में मेरा बचपन गुजरा है और यहाँ से मेरा गहरा संबंध है। सीमा कपूर ने कहा कि मेरी माँ ने भवानी मंडी के गुरुकुल में पढ़ाया है और एक लंबे समय तक हम यहाँ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज भी महिलाओं को अपनी स्वतंत्र पहचान बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। सिनेमा पर बोलते हुए उन्होंने लेखकों की उपेक्षा पर चिंता जताई और कहा कि फिल्म की असली नींव लेखक ही होता है। सीमा कपूर प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता स्वर्गीय ओमपुरी की धर्मपत्नी है और प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अन्नू कपूर की बहिन है। इस अवसर पर उन्होंने

अपने परिवार का जिक्र करते हुए अपने भाईयों अन्नू कपूर व रणजीत कपूर की सफलता के पीछे माता-पिता के संघर्ष को अहम बताया। साथ ही उन्होंने अपनी आत्मकथा 'यूँ ही गुजारी है अब तलक' का उल्लेख करते हुए जीवन में संघर्ष के महत्व पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने बच्चों में बढ़ती मोबाइल लत पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे नुकसान दायक बताया।

उन्होंने बताया कि उनकी आगामी फिल्म 'पतंग मसाला' पर काम जल्द शुरू होगा। इन दिनों वे भवानीमंडी-झालावाड़ क्षेत्र में रहकर एक उपन्यास लिख भी लिख रही हैं। इस अवसर पर जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान(जार) के प्रदेश संगठन महामंत्री भवँर सिंह कछवाहा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगदीश पोरवाल व रणवीर सिंह चौहान आदि के साथ वरिष्ठ पत्रकार सर्वेश्वर दत्त व राजकुमार जैन आदि मौजूद रहे।

# ओएसडी दत्ता के जन्मदिन पर 475 यूनिट हुआ रक्तदान

स्मार्ट हलचल | बूंदी

लोकसभा अध्यक्ष के ओएसडी व राजस्थान कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजीव दत्ता के जन्मदिन के अवसर पर जिला ब्लड बैंक में चल रही रक्त की कमी को देखते हुए शनिवार को होटल द ग्रैंड परमेश्वरी में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ । रक्तदान शिविर का शुभारंभ भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व सभापति महावीर मोदी, खो खो संघ जिला अध्यक्ष विजयंत सिंह आमेरा, पूर्व जिला अध्यक्ष कुंज बिहारी बिल्या ,लोकतंत्र सेनानी सुरेंद्र भंडारी , पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत ,पूर्व उप जिला प्रमुख डॉक्टर बृजबाला गुप्ता, आशा मीणा ने फीता काटकर शुभारंभ किया । आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का दुपट्टा पहनकर



और माल्यार्पण कर स्वागत किया । रक्तदान शिविर में 475 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । शिविर में महिला रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान में अपनी भागीदारी निभाई और रक्तदान किया । नव विवाहित प्रियंका साहू ने प्रथम बार अपनी सास विमला साहू के साथ मिलकर रक्तदान किया । राजीव दत्ता के रक्तदान स्थल पहुंचने पर पूर्व सभापति मोदी और खो-खो संघ जिला अध्यक्ष आमेरा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं में दत्ता का माल्यार्पण और केक कटवाकर अभिनंदन किया ।दत्ता ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान में प्रत्येक व्यक्ति को यह दान अवश्य करना चाहिए । उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की प्रेरणा से चलाई जा रहे नशा मुक्त भारत और नशा मुक्त राजस्थान अभियान हिस्सा बनकर सभी युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए । उन्होंने कहा कि शिविर में जो रक्त एकत्र हुआ है यह दुर्घटना में गंभीर घायल, जरूरतमंद गर्भवती महिला, थैलेसीमिया के मरीजों के काम आ सकेगा । दत्ता ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओ का माल्यार्पण कर सम्मान किया । ओएसडी दत्ता ने अपने जन्मदिन के अवसर पर पूर्व सभापति मोदी की अनुशंसा पर श्रीहनुमान व्यायाम शाला वानर सेना के पहलवानों के लिए 352000 के उपकरण भेंट किये । रक्तदान शिविर में जिले भर से आए रक्तदाताओं ने रक्तदान किया । आयोजन समिति जुड़े मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि इस दौरान भाजपा शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, भाजपा के विशेष आमंत्रित सदस्य भरत शर्मा, शहर काजी इमरान कादरी, ओम धगाल, भाजपा जिला मोर्चा संयोजक महावीर जैन, शहर महामंत्री गौरव वर्मा, संजय भूटानी, अशोक शर्मा, दिनेश राठौर, रोहित बैरागी, अरुण शर्मा, अजय त्यागी, मोहन किराड़, जितेंद्र सिंह आमेरा, निर्मल मालव, राजेश खोईवाल, दिलीप सिंह, अनिल चतुर्वेदी, अनिल शर्मा, अनिल जांगिड़, मनोज जांगिड़, चेतन पंचोली सहित कार्यकर्ताओं ने रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया । शिविर में जिला ब्लड बैंक के कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं प्रमुखता से प्रदान की । संचालन पूर्व पार्षद राजेश शेरगढ़िया ने किया।

# ब्यावर ने रचा इतिहास: विकसित राजस्थान अभियान में प्रदेश का अग्रणी जिला बना, 5 पंचायतों में 'हैंड्स-ऑन' ट्रेनिंग शुरू

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-शहरी वार्ड अभियान के तहत ब्यावर जिले ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जिला प्रशासन की सक्रियता के चलते ब्यावर प्रदेश का ऐसा पहला जिला बन गया है, जिसने चयनित मॉडल ग्राम पंचायतों में 'हैंड्स-ऑन' (व्यावहारिक प्रशिक्षण) सत्रों का सफलतापूर्वक आयोजन किया है।



### प्रशासनिक मुस्तैदी और निरीक्षण:

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ब्रह्म लाल जाट और एसीईओ डॉ. गोपाल लाल मीना ने स्वयं 'खरवा' ग्राम पंचायत पहुंचकर गतिविधियों का जायजा लिया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को डेटा संकलन, डिजिटल मैपिंग और ग्रामीणों की भागीदारी के साथ मास्टर प्लान तैयार करने की बारीकियों को विस्तार से समझाया गया।

**इन 5 पंचायतों से हुई शुरुआत:** प्रशासन द्वारा चयनित पांच मॉडल पंचायतों में इस नवाचार की शुरुआत की गई है: मोठी (बदनोर), खरवा (मसूदा), नरबदखेड़ा (जवाजा), कुशालपुरा (रायपुर), गरनिया (जैतारण)।

### कलेक्टर का विजन:

जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने बताया कि जिला प्रशासन निर्धारित समय-सीमा से पहले ही 'प्रोएक्टिव मोड' में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इन मॉडल पंचायतों से प्राप्त अनुभवों को जल्द ही जिले की अन्य पंचायतों में भी लागू किया जाएगा, ताकि विकास की प्रक्रिया समावेशी और पारदर्शी बनी रहे।

### लक्ष्य: विकसित राज-स्थान @2047

गौरतलब है कि 15 मई 2026 तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2047 तक गांवों और शहरों का सुनियोजित विकास करना है। इसके तहत विकास के लक्ष्यों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है: अल्पकालीन: वर्ष 2030 तक, मध्यमकालीन: वर्ष 2035 तक, दीर्घकालीन: वर्ष 2047 तक। इस पहल के माध्यम से ब्यावर जिला अब प्रदेश के अन्य जिलों के लिए एक 'रोल मॉडल' के रूप में उभर रहा है।

# दौसा पुलिस की बड़ी कार्रवाई: ई-रिक्शा बैटरी चोरी गिरोह का पर्दाफाश, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**दौसा/महवा।** जिला पुलिस दौसा ने महवा थाना क्षेत्र में लगातार हो रही ई-रिक्शा बैटरी चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी भगवानसहाय उर्फ काडू मीना को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई 03 बैटरियां बरामद की हैं।

पुलिस के अनुसार आरोपी महवा थाना का ए श्रेणी का हिस्ट्रीशीटर है और पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर महवा कस्बे के अलग-अलग इलाकों से कम से कम 4 ई-रिक्शाओं से बैटरियां चोरी कर चुका था।

आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रयास, लूट, चोरी, नकबजनी और आर्म्स एक्ट के तहत महवा, दौसा, जयपुर व अलवर जिलों में कुल 37 मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपी के एक साथी को पहले ही विधि से संघर्षरत बालक के रूप में निरुद्ध किया जा चुका है।

### पहले भी हुई बरामदगी

इस मामले में पहले ही 08 चोरी की बैटरियां बरामद की जा चुकी हैं। आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद फिर से चोरी की वारदातों को अंजाम देने लग जाता था। इतना ही नहीं, वह अपने आस-पास के नाबालिगों को भी इस गिरोह में शामिल कर अपराध करवाता था।

### ऐसे हुआ खुलासा

14 फरवरी 2026 को महवा थाने में एक पीड़ित ने ई-रिक्शा बैटरी चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद पुलिस ने टीम गठित कर लगातार जांच की और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी तक पहुंच बनाई। 10 अप्रैल 2026 को आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की बैटरियां बरामद की गईं।

### पुलिस की कार्रवाई जारी

पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है और मामले से जुड़े अन्य चोरी के प्रकरणों में भी आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है।

### पुलिस का संदेश:

'आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' के संकल्प के साथ दौसा पुलिस अपराधियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है।

# झनकारों के बीच छलका सांस्कृतिक वैभव



स्मार्ट हलचल

**बारां।** जिला स्थापना दिवस की 35वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया।, जिसमें विद्यालयी बालक-बालिकाओं ने समधुर सामूहिक प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम में झनकारों के बीच राजस्थानी संस्कृति का वैभव छलकता रहा।

मेलखेड़ी रोड स्थित टाउन हॉल आडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में पीएमश्री राउमावि गजनपुरा, महात्मा गांधी स्कूल स्टेशन रोड, राबाउमावि श्रीराम स्टेडियम, फ्यूचर अकेडमी स्कूल, कल्पेश स्कूल, राउमावि कोटा रोड, राउमावि भीमगंज वार्ड, राबाउमावि पुराना थाना, गुरूकुल कान्वेंट स्कूल, न्यू एरा स्कूल के विद्यार्थियों ने राजस्थानी गीतों पर सामूहिक नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। औंस संस्था के विमंदित बालकों ने भी आकर्षक नृत्य प्रस्तुति दी। गम ए आशिकी गीत फेम युवा गायक श्री एन ने डीजे



बीट्स पर नॉन स्टॉप फिल्मी गीतों की पेशकश देते हुए सभी को झूमने को विवश कर दिया। कोटा के गजल व सूफी गायक सुरेंद्र रावल ने भी गीत की प्रस्तुति दी। बाल गायक नवांश गौतम ने मीठे स्वरों में सत्यम शिवम सुंदरम गीत की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए दर्शकों को रोमांचित किया। वहीं छात्रा लोकाम्या वैष्णव ने शास्त्रीय कथक नृत्य की खूबसूरत प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में कार्यवाहक जिला कलक्टर भंवरलाल जनागल, जिला परिषद सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, एएसपी राजेश चौधरी, एसडीएम विश्वजीत सिंह सहित अनेक जिला स्तरीय अधिकारी, शिक्षक व आमजन उपस्थित थे। संचालन सुनील शर्मा ने किया।

# बांदीकुई में मुख्यमंत्री ने किया 35 करोड़ के आरओबी का उद्घाटन

स्मार्ट हलचल

**बांदीकुई।** भजन लाल शर्मा ने आज महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती के अवसर पर बांदीकुई में भव्य कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र को विकास की बड़ी सौगातें दीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बांदीकुई से बसवा रोड पर लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से बने 980 मीटर लंबे रेलवे ओवरब्रिज का लोकार्पण किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बांदीकुई-आगरा रेल लाइन पर स्थित आगरा फाटक पर भी नए आरओबी के निर्माण की घोषणा की, जिससे क्षेत्र में यातायात सुगम होगा और लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

इस अवसर पर शिक्षा क्षेत्र में भी बड़ा निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने बांदीकुई के पॉलिटेक्निक कॉलेज का नाम बदलकर महात्मा ज्योतिबा



फुले के नाम पर रखने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्वी राजस्थान की महत्वाकांक्षी इआरसीपी नहर परियोजना बांदीकुई से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्र में जल समस्या का स्थायी समाधान होगा।

मुख्यमंत्री ने दौसा जिले के समग्र विकास के लिए 213 विभिन्न कार्यों की घोषणा की, जिन पर लगभग 613 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके साथ ही सामाजिक और शैक्षणिक विकास को बढ़ावा देने के लिए राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में सावित्री बाई फुले के नाम पर लाइब्रेरी और हर जिले में महात्मा ज्योतिबा फुले आदर्श स्कूल खोलने की घोषणा भी की गई।

किसानों के हित में बड़ा निर्णय लेते हुए मुख्यमंत्री ने प्रधान सम्मान निधि योजना के तहत मिलने वाली राशि को 9,000 रुपये से बढ़ाकर 12,000 रुपये करने का ऐलान किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री की इन घोषणाओं से बांदीकुई सहित पूरे दौसा जिले में विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही।

# आज साढ़े तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

### सेदरिया और गोविंदपुरा जीएसएस पर होगा रखरखाव कार्य

स्मार्ट हलचल| ब्यावर

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (अ.वी.वी.नि.लि.) के सहायक अभियंता (पवस-द्वितीय) ने सूचित किया है कि आज, दिनांक 12 अप्रैल 2026, रविवार को शहर के प्रमुख क्षेत्रों में बिजली कटौती रहेगी। यह शटडाउन 33/11केवी सेदरिया और गोविंदपुरा जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव और मरम्मत कार्य के चलते लिया जा रहा है।

विद्युत विभाग के अनुसार, प्रातः 08:00 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। इस दौरान आशापुरा, पाली बाजार, विजयनगर रोड, उदयपुर रोड, देलवाड़ा लसाडिया, सेंदड़ा रोड, हाऊसिंग बोर्ड, सिरोला, केंद्रीय विद्यालय, पीएचइडी और जालियां फीडर से जुड़े सभी रिहायशी और व्यावसायिक क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने बिजली से संबंधित जरूरी काम शटडाउन के समय से पहले ही निपटा लें।

# जिला प्रशासन ने महात्मा ज्योतिबा फुले को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** 11 अप्रैल आज सतपुलिया रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले के प्रतिमा स्थल पर एक गरिमामयी माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने महान समाज सुधारक ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

शिक्षा और समानता पर रहा जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शंकर सिंह रावत ने कहा कि महात्मा फुले के विचार आज भी समाज के लिए प्रेरणा के मुख्य स्रोत हैं। उनके द्वारा किए गए सामाजिक



सुधारों ने आधुनिक भारत की नींव रखने में मदद की।

जिला कलेक्टर कमल राम मीना ने ज्योतिबा फुले के संघर्षों को याद करते हुए कहा: लगभग दो सदियों पहले, जब समाज में शिक्षा पाना एक बड़ी चुनौती थी, तब महात्मा फुले ने वंचितों और महिलाओं के लिए स्कूल खोलकर बदलाव की शुरुआत की। उन्होंने शिक्षा को सशक्तिकरण का सबसे बड़ा हथियार बनाया।'

प्रशासनिक अमले की उपस्थिति

इस अवसर पर शहर के प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने अपनी उप-स्थिति दर्ज कराई, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। प्रशासनिक अधिकारी : एडीएम ब्रह्म लाल जाट, एसडीएम दिव्यांश सिंह, एसीईओ श्री गोपाल लाल, सीएमएचओ डॉ. संजय गहलोत और सामाजिक न्याय अधिकारिता अधिकारी विशाल सोलंकी।

पूर्व सभापति नरेश कनोजिया सहित कई स्थानीय नेता। समारोह का समापन समाज में समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने के संदेश के साथ हुआ। उप-स्थत सभी लोगों ने उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की शपथ ली।

# सर्व ब्राह्मण महासभा अलवर ने की विधानसभा अध्यक्ष व प्रभारियों की घोषणा

स्मार्ट हलचल

**खेरली।** सर्व ब्राह्मण महासभा (रजि.) अलवर द्वारा संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विधानसभा अध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारियों की घोषणा की गई है। जिला अध्यक्ष राजकुमार पंडा द्वारा जारी सूची में विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिसमें विधानसभा अध्यक्षों में राजगढ़ से भूपेंद्र शर्मा, थानागाजी से पंडित जनार्दन शर्मा, रामगढ़ से शिवकांत उपाध्याय तथा कठूमर से हरिओम पाराशर को नियुक्त किया गया है।इसी प्रकार सर्व ब्राह्मण महासभा के विधानसभा प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई है, जिसमें कठूमर से पंकज शर्मा, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ से नीतेश तिवाड़ी, थानागाजी से कौंसीलाल शर्मा तथा रामगढ़ से सचिन पालीवाल को जिम्मेदारी दी गई है।

इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजकुमार पंडा ने बताया कि संगठन के विस्तार और समाज सेवा के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए यह नियुक्तियां की गई हैं। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से समाज हित में सक्रिय भूमिका निभाने एवं संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।इस अवसर पर संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने भी सभी नियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की है।

# रायपुर के होम्योपैथिक हॉस्पिटल में धूमधाम से मनाई गई डॉ. सैमुअल हैनीमैन की 271वीं जयंती

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर रायपुर।** राजधानी स्थित होम्योपैथिक हॉस्पिटल में विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर होम्योपैथी पद्धति के जनक और महान चिकित्सक डॉ. सैमुअल हैनीमैन की 271वीं जयंती अत्यंत श्रद्धापूर्वक और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों और स्थानीय नागरिकों ने डॉ. हैनीमैन के मानवता के प्रति योगदान को याद किया।

पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि और चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. कुलदीप मेहरा ने की। उन्होंने कंपाउंडर कमलेश सांवरिया एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों के



साथ डॉ. हैनीमैन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। इस गरिमामय समारोह के बाद सभी उपस्थित जनों के लिए अल्पाहार का भी आयोजन किया गया।

### बिना दुष्प्रभाव के प्रभावी उपचार है होम्योपैथी

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए डॉ. कुलदीप मेहरा ने विश्व होम्योपैथी दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'होम्योपैथी केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि प्राकृतिक उपचार की एक वैज्ञानिक कला है। यह 'समरूपता के सिद्धांत' पर आधारित है, जो रोग को जड़ से मिटाने में सक्षम है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पद्धति पूरी तरह सुरक्षित है और इसका शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता।'

मानवता को डॉ. हैनीमैन की देन डॉ. मेहरा ने डॉ. सैमुअल हैनीमैन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने विश्व को एक ऐसी सरल और प्रभावी चिकित्सा प्रणाली दी है, जो आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गई है। उन्होंने सभी को होम्योपैथी दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए आह्वान किया कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए अधिक से अधिक लोग इस पद्धति को अपनाएँ। कार्यक्रम के अंत में डॉ. मेहरा ने सभी का आभार व्यक्त किया और चिकित्सा कर्मियों को सेवा भाव से कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

# महात्मा फुले की जयंती पर कांग्रेस का शंखनाद; 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान का आगाज़

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती के अवसर पर शनिवार को सतपुलिया स्थित स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर 'संगठन बढ़ाओ-लोकतंत्र बचाओ' अभियान और 'सामाजिक न्याय व सुरक्षा सप्ताह' का भव्य शुभारंभ किया गया। महात्मा फुले के विचारों से मिलेगी मजबूती: श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने कहा कि महात्मा फुले ने सत्यशोधक समाज के जरिए जिस समानता का सपना देखा था, आज कांग्रेस उसी परंपरा को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान गांव-गांव और वार्ड स्तर तक पहुंचकर वंचित वर्गों को सशक्त करेगा।

नेताओं ने सरकार को घेरा : कार्यक्रम में वरिष्ठ नेताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों पर कड़ा प्रहार किया:। आशीषपाल पदावत (प्रदेशाध्यक्ष, खनन प्रकोष्ठ) ने बेरोजगारी और महंगाई को लेकर भाजपा सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

पारस पंच (कांग्रेस प्रत्याशी) ने स्थानीय



निकाय चुनाव टालने को 'तानाशाही' और राज-स्थान की वर्तमान सरकार को 'पर्ची सरकार' करार दिया। पूर्व विधायक माणक डाणी और नगर अध्यक्ष भरत बाघमार ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने की अपील की।

14 अप्रैल तक चलेंगे विशेष कार्यक्रम: ब्लॉक अध्यक्ष अजय शर्मा ने बताया कि 11 से 14 अप्रैल (अंबेडकर जयंती) तक यह विशेष सप्ताह चलेगा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता दलित और पिछड़ी बस्तियों में जाकर जनसंवाद करेंगे, प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान करेंगे और युवाओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। प्रमुख उपस्थिति : इस अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष अजमत काठात, ओबीसी जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत, सेवादल जिलाध्यक्ष विक्रम सोनी, एससी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष बिरदीचन्द खोरवाल सहित भारी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199 वी जयंती धूमधाम से मनाई

# महात्मा ज्योतिबा फुले दंपति को भारत रत्न अवार्ड देना चाहिए - तेजपाल सैनी

स्मार्ट हलचल

नगर फोर्ट उपखंड उनियारा में महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास सवाई माधोपुर रोड उनियारा में सत्यशोधक समाज के संस्थापक औरमहान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले जी की 199 वी जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई इस कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ व युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। महात्मा ज्योतिबा फुले जी की मूर्ति पर माला व पुष्पांजलि दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई और महात्मा ज्योतिबा फुले जी व माता सावित्रीबाई फुले जी की जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला ।

महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले जी के बारे में विस्तार से बताया गया वहीं उनियारा माली समाज शहर अध्यक्ष तेजपाल



सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने माली समाज के लिए ही नहीं सर्व समाज के लिए समाज उत्थान का कार्य किया है जब शिक्षा का अभाव था उस समय दोनों पति-पत्नी ने मिलकर विद्यालय खोलकर भेदभाव, छुआछूत, जातिवाद मिटाया और शिक्षा को महत्वपूर्ण समझकर समाज में नई जागृति देने का काम किया।

वही तेजपाल सैनी ने कहा कि राजस्थान सरकार को भी अवगत करना चाहता हूं कि अभी हाल में ही माली समाज आरक्षण संघर्ष समिति जयपुर द्वारा समाज की कुछ मांगों को लेकर जयपुर में एक दिन आरक्षण सहित कई मांगों पर मुद्दा रखा था, और ज्ञापन सौंपा था उन पर भी विचार करें वह महात्मा ज्योतिबा फुले दंपति को भारत रत्न अवार्ड दें।

वही कार्यक्रम स्थल पर सैनी, माली समाज के वरिष्ठ व युवा समाज के कार्यकर्ता मौजूद थे इसी दौरान शहरअध्यक्ष तेजपाल सैनी, प्रधान सैनी,कन्हैयालाल सैनी ,रामस्वरूप सैनी, बनवारी लाल सैनी,हीरालाल सैनी, खाना माली,सोजीलाल सैनी, नरेंद्र सैनी, कमल सैनी, रामलाल सैनी ओम प्रकाश सैनी, ताराचंद सैनी, गणेश सैनी, शंकर सैनी, नवल किशोर सैनी ,बाबूलाल सैनी,राकेश सैनी, कमलेश सैनी, आसाराम सैनी, हेमंत सैनी,रमेश सैनी, रामदयाल सैनी, परशुराम सैनी, पप्पू लाल सैनी, दीपक सैनी, लोकेश सैनी आदि समाज बंधु मौजूद थे।

# गोरधा में छः महीने से बंद पड़ा हेडपंप, भीषण गर्मी में ग्रामीण-पशुपालक परेशान

### शिकायतों के बावजूद नहीं हुई मरम्मत, जिम्मेदार अधिकारी बने अनजान

स्मार्ट हलचल

**सावर(अजमेर)।** उपखंड क्षेत्र के गोरधा में राजकीय पशु उप-स्वास्थ्य केन्द्र के पास लगा हेडपंप पिछले छह महीनों से खराब पड़ा है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों और पशुपालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच पानी की किल्लत विकराल रूप लेती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के चलते समस्या जस की तस बनी हुई है।

ग्रामीणों का कहना है कि हेडपंप खराब होने की सूचना कई बार



जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालात यह हैं कि पशु चिकित्सालय में आने वाले पशुपालकों को भी पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानियां और बढ़ गई हैं।

स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी साफ देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगातार शिकायतों के बावजूद अधिकारियों ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते आमजन और पशुधन दोनों ही प्रभावित हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द हेडपंप की मरम्मत करवाई जाए, ताकि भीषण गर्मी में पानी की समस्या से राहत मिल सके।



# ब्रोकोली में पाए जाते है औषधीय गुण

आप जानते है ब्रोकोली एक प्रमुख सब्जी है, जो की गोभीय वर्गीय सब्जियों के अंतर्गत आती हैं। ब्रोकोली दिखने में फूलगोभी की तरह ही दिखाई देती है लेकिन इसमें पोष्टिकता फूलगोभी से ज्यादा होती है। यह एक पौष्टिक इटालियन गोभी है। जिसे मूलत : सलाद, सूप, व सब्जी के रूप में प्रयोग किया जाता है। ब्रोकोली को हरी गोभी भी कहा जाता हे ब्रोकोली में गोभी से अधिक भाव और अधिक फूल प्राप्त होते हे गोभी के पौधे पर एक ही फूल प्राप्त होता हे लेकिन ब्रोकोली के एक ही पौधे से 4 से 5 फूल प्राप्त होते हैं। भारत में इसकी खेती ज्यादातर उत्तर भारत में की जाती है।

### ब्रोकोली में पाए जाने वाले औषधीय गुण

ब्रोकोली हरी सब्जी के रूप में लोहा, प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, क्रोमियम, विटामिन ए और सी पाया जाता है, जो सब्जी को पौष्टिक बनाता है। इसके अलावा इसमें फाइटोकेमिकल्स और एंटी–ऑक्सीडेंट भी होता है, जो बीमारी और बॉडी इंफेक्शन से लडने् में सहायक होता है। ब्रोकोली विटामिन सी से भरी हुई है। यह कई पोषक तत्वों से भरपूर है। यह कई बीमारियों से बचाने के साथ ब्रेस्ट कैंसर और प्रोस्टेट कैंसर के भी खतरे को कम करती है।

### बुवाई का समय

ब्रोकोली की खेती के लिए नर्सरी तैयार करने का समय अक्टूबर का दूसरा पखवाड़ा होता है, पर्वतीय क्षेत्रों में क़म उंचाई वाले क्षेत्रों में सितम्बर–अक्टूम्बर, मध्यम उंचाई वाले क्षेत्रों में अगस्त, सितम्बर, और अधिक़ उंचाई वाले क्षेत्रों में मार्च–अप्रैल में तैयार की जाती हैं।

### दुरी



बीज को पंक्तियों में 4–5 से.मी. की दूरी पर बोना चाहिए।

गहराई

बीजों की 2.5 से.मी. की गहराई पर बुवाई करना चाहिए।

### बुवाई का तरीका

ब्रोकोली की बुवाई बीजों द्वारा नर्सरी में इसकी पौध प्रो–ट्रे और क्यारियों में तैयार की जाती है, और उसके बाद खेत में रोपण किया जाता है। नर्सरी की तैयारी में इस बात का ध्यान रखें की नर्सरी जमीन से 15 सेमी. ऊंची हुई हो।

### बीज की मात्रा

ब्रोकोली की नर्सरी में बुवाई के लिए 400–500 ग्राम बीज प्रति हेक्टेयर (8–10 ग्राम प्रति नाली) पर्याप्त होता है।

### बीज उपचार

ब्रोकोली की पौध तैयार करने के दौरान बीज को उपचारित कर नर्सरी में लगाना चाहिए। बीज को उपचारित करने के लिए थीरम या कैप्टन दवा की उचित मात्रा का इस्तेमाल करना चाहिए।

### खाद एवं रासायनिक उर्वरक

उर्वरको का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर करना उपयुक्त रहता है 7 अच्छी उपज के लिए खेत तैयार करते समय प्रति हैक्टेयर 15–20 टन गोबर / कम्पोस्ट खाद, 100 किलोग्राम नाइट्रोजन, 100 किलोग्राम फास्फोरस तथा 50 किलोग्राम पोटाश का प्रयोग किया जाना अनुकूल होता है।

### खरपतवार नियंत्रण

खरपतवार की रोकथाम के लिए आवश्यकतानुसार समय–समय पर निराई–गुड़ाई करना चाहिए।

### सिंचाई

ब्रोकोली के पौधों को पानी की सामान्य जरूरत होती है। लेकिन पौध को खेत में लगाने के तुरंत बाद उनकी सिंचाई कर देनी चाहिए। उसके बाद इसके पौधों को आवश्यकता के आधार पर 10 से 15 दिन के अंतराल में पानी देते रहना चाहिए। इसके पौधे को पककर तैयार होने के लिए लगभग 5 से 6 सिंचाई की ही जरूरत होती है।

### फसल की कटाई

ब्रोकोली की फसल की कटाई के लिए पौधरोपण के 65–70 दिन बाद तैयार हो जाते हैं, ब्रोकली का फूल जब गठा हुआ, हरा व उचित आकार का हो तभी डंठल सहित तोडन्ा चाहिये। तुड़ाई करने में विलम्ब होने से शीर्ष (फूल) में पीलापन तथा स्वाद में विपरीत प्रभाव पड़ता है।

### भंडारण

ब्रोकोली को तुड़ाई के बाद बाजार में बिकने तक उचित रखरखाव की आवश्यकता होती है। अन्यथा ब्रोकली खराब होने लगती है। इसके लिये या तो ब्रोकली को बर्फ के साथ पैकिंग करें या ठंडे कमरे में रखें अथवा ठंडे पानी का छिड़काव करें। उचित रखरखाव करें इसमें ब्रोकली खराब नहीं होगी तथा बाजार पहुंचने तक ताजी एवं गुणकारी रहेगी।

### उत्पादन

ब्रोकोली की उन्नत तरीके से खेती करके अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। ब्रोकोली की साधारण किस्मों से 75 से 100 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तथा संकर किस्मों से 120 से 150 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक पैदावार प्राप्त की जा सकती है।

# बाकी फसलों से ज्यादा सख्त होती है बैंगन की फसल


भारत में विभिन्न प्रकार की सब्जियों को उगाया हैं, जिनमें एक बैंगन हैं। बैंगन भारत में ही पैदा हुआ और आज आलू के बाद दूसरी सबसे अधिक खपत वाली सब्जी है। भारत चीन के बाद दूसरा सबसे अधिक बैंगन उगाने वाला देश है। यह देश में 5.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में उगाया जाता है। हमारे देश के अलावा भी यह अन्य कई देशों की प्रमुख सब्जी की फसल है। बैंगन में विटामिन ए तथा बी के अलावा कैल्शियम, फ़ॉस्फ़रस और लोहे जैसे खनीज भी होते है। बैंगन की खेती पुरे वर्ष की जा सकती है, बैंगन की फसल बाकी फसलों से ज्यादा सख्त होती है। इसके सख्त होने के कारण इसे शुष्क या कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी उगाया जा सकता हैं। भारत देश में बैंगन उगाने वाले मुख्य राज्य मध्यप्रदेश, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, कर्नाटक, बिहार, महांराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान हैं।

### बुवाई का समय

बैंगन की खेती के लिए बैंगन की बुवाई पुरे वर्ष भर में किसी भी समय की जा सकती हैं।

वर्षाकालीन समय– नर्सरी तैयार करने का समय फरवरी से मार्च और मुख्य खेत में रोपाई का समय मार्च से अप्रेल उचित है।

शरदकालीन समय– नर्सरी तैयार करने का



समय जून से जुलाई और मुख्य खेत में रोपाई का समय जुलाई से अगस्त उचित है।

बसंतकालीन समय– नर्सरी तैयार करने का समय दिसम्बर और मुख्य खेत में रोपाई का समय दिसम्बर से जनवरी उचित है।

### दूरी

लाईन से लाईन की दूरी 60 से 70 सेंटीमीटर और लाईन में पौधे से पौधे की दूरी 60 सेंटीमीटर रखें।

गहराई

नर्सरी में बीज की बुवाई 1 से 1.5 सेन्टीमीटर की गहराई पर करें।

### बुवाई का तरीका

बैंगन की खेती के लिए पौधरोपण हेतु बीजों द्वारा नर्सरी तैयार की जाती हैं।

### नर्सरी तैयार करने का तरीका

एक हैक्टेयर की पौध तैयार करने के लिये एक मीटर चौडी और तीन मीटर लम्बी करीब 15 से 20 क्यारियों की आवश्यकता होती है। बीज की 1 से 1.5 सेन्टीमीटर की गहराई पर, 3 से 5 सेन्टीमीटर के अन्तर पर कतारों में बुवाई करें और बुवाई के बाद गोबर की बारीक खाद की एक सेन्टीमीटर मोटी परत से ढक दें तथा फव्वारें से सिंचाई करें।

### बीज की मात्रा

एक हैक्टेयर में पौध रोपाई के लिये 500–750 ग्राम बीज और हाइब्रिड बीज की मात्रा 250 ग्राम/हेक्टेयर की आवश्यकता होती है।

### बीज का उपचार

नर्सरी में बीज बुवाई से पहले बीजों को थीरम 3 ग्राम या कार्बेनडाज़िम 3 ग्राम प्रति किलो बीज से



उपचार करें।

### खाद एवं रासायनिक उर्वरक

बैंगन की खेती में मिट्टी की जांच के अनुसार खाद और उर्वरक डालनी चाहिए। अगर मिट्टी की जांच नहीं हो पाती है तो खेत तैयार करने समय 20–30 टन/हेक्टेयर गोबर की सड़ी खाद मिट्टी में मिला देनी चाहिए। इसके बाद प्रति हेक्टेयर में 200 किलो ग्राम यूरिया, 370 किलो ग्राम सुपर फॉस्फेट और 100 किलो ग्राम पोटेशियम सल्फेट का इस्तेमाल करना चाहिए।

### खरपतवार नियंत्रण

खरपतवार की रोकथाम के लिए आवश्यकतानुसार समय–समय पर निराई–गुड़ाई करना चाहिए।

### सिंचाई

बैंगन के पौधों की अच्छी बढ़वार लिए सिंचाई की अधिक आवश्यकता होती हैं, पौधरोपण के तुरंत बाद सिंचाई करना चाहिए। गर्मी के मौसम में हर 3–4 दिन बाद पानी देना चाहिए और सर्दियों में 12 से 15 के अंतराल में पानी देना चाहिए। कोहरे वाले दिनों में फसल को बचाने के लिए मिट्टी में नमी बनाए रखें और लगातार पानी लगाएं। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि बैंगन की फसल में पानी खड़ा न हो, क्योंकि बैंगन की फसल खड़े पानी को सहन नहीं कर सकती है। उत्तम सिंचाई के लिए ड्रीप सिंचाई पद्धति का प्रयोग करें।

### फसल की कटाई

खेत में बैंगन की पैदावार होने पर फलों की तुड़ाई पकने से पहले करनी चाहिए। तुड़ाई के समय रंग और आकार का विशेष ध्यान रखना चाहिए। बैंगन का मंडी में अच्छा रेट मिले इसके लिए फल का चिकना और आकर्षक रंग का होना चाहिए।

### भंडारण

बैंगन को लंबे समय के लिए भंडारण नहीं किया जा सकता है। बैंगन को आम कमरे के सामान्य तापमान में भी ज्यादा देर नहीं रख सकते हैं क्योंकि ऐसा करने से इसकी नमी खत्म हो जाती है। हालांकि बैंगन को 2 से 3 सप्ताह के लिए 10–11 डिग्री सेल्सियस तापमान और 92 प्रतिशत नमी में रखा जा सकता है। किसान भाई बैंगन को कटाई के बाद इसे सुपर, फैंसी और व्यापारिक आकार के हिसाब से छांट लें और पैकिंग के लिए, बोरियों या टोकरियों का प्रयोग करें।

उत्पादन

बैंगन की खेती में उत्पादन मौसम, विविधता से विविधता और स्थान से स्थान तक भिन्न होती है। तथापि, सामान्य तौर पर बैंगन के स्वस्थ फलों की 250 से 500 क्विंटल/हेक्टेयर प्राप्त की जा सकती हैं।

# बहुत ही गुणकारी है टिंडे



टिंडा कुकरबिटेसी कुल परिवार की यह सब्ज़ी बहुत ही गुणकारी है। टिंडे को गोल तरबूज, गोल लौकी भी कहा जाता है7 यह उत्तरी भारत की सबसे महत्तवपूर्ण गर्मियों की सब्जी है। टिंडे का मूल स्थान भारत है। इसके कच्चे फल सब्जी बनाने के लिए प्रयोग किए जाते हैं। इसके फल की औषधीय विशेषताएं भी हैं, सूखी खांसी और रक्त संचार सुधारने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। टिंडे की खेती उत्तरी भारत में, विशेषकर पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश और आन्ध्रप्रदेश में की जाती है।

बुवाई का समय

टिंडे की बुवाई का समय फरवरी–मार्च जायद के लिए और खरीफ की फसल के लिए जून–जुलाई में भी बोया जा सकता है।

दुरी

बीजों को क्यारियों के दोनों तरफ बोयें और 45 से.मी. दुरी का प्रयोग करें।

बीज की गहराई

बीजों को 2–3 से.मी. की गहराई में बोयें।

बुवाई का तरीका

बीजों को सीधे या समतल क्यारियों (मेड़) पर बोया जा सकता है।

बीज की मात्रा

टिंडे की एक हेक्टेयर फसल की बुवाई के लिए 5 से 6 किलोग्राम बीज की आवश्यकता होती है।

बीज उपचार

रोग नियंत्रण के लिए बीजों को बोने से पूर्व बाविस्टीन या मैंकोजेब 2 ग्राम प्रति किलोग्राम बीज के हिसाब से उपचारित करके बोना चाहिए।

खाद एवं रासायनिक उर्वरक

खेत तैयारी के समय कार्बनिक खाद के रूप में गोबर की खाद 20–25 टन प्रति हेक्टेयर व 100 किलो ग्राम नाइट्रोजन, 50 किलो ग्राम फ़ोस्फोरस व 50 किलो ग्राम पोटाश की मात्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। सम्पूर्ण गोबर की खाद, फास्फोरस एवं पोटाश की पूरी मात्रा और नाइट्रोजन की 1/3 मात्रा को अंतिम जुताई के समय खेत में मिला देना चाहिए तथा शेष 2/3 नाइट्रोजन की मात्रा को दो बराबर भागों में बांटकर टापड्रेसिंग के रूप में प्रथम बार बुवाई के 25 से 30 दिन बाद तथा 40 से 45 दिन पर फूल आने के समय देना चाहिए।

खरपतवार नियंत्रण

खरपतवार की रोकथाम के लिए समय–समय पर आवश्यकतना अनुसार निराई–गुड़ाई करना चाहिए।

सिंचाई

ग्रीष्म कालीन फसल की प्रति सप्ताह सिंचाई करें वर्षा कालीन फसल की सिंचाई वर्षा पर निर्भर रहती है 7 फूल एवं फलन के समय खेत में उचित नमी जरूरी है। वर्षाकालीन मौसम में जल निकास की उचित व्यवस्था आवश्यक है।

फसल की कटाई

किस्म के आधार पर बुवाई के 60 दिनों में फल तुड़ाई के लिए तैयार हो जाते हैं। जब फल पक जाएं और मध्यम आकार के हो जायें तब तुड़ाई कर लें। 4–5 दिनों के फासले पर तुड़ाई करें।

उत्पादन

टिंडे की फसल का उत्पादन बीजों की गुणवत्ता, बुवाई का समय, भूमि की क़िस्म, जलवायु व ताप आदि पर निर्भर होता है, टिंडे की फसल से अनुकूल परिस्थितियों में फसल से प्रति हेक्टेयर 80 से 120 क्विंटल पैदावार मिल जाती है।

भंडारण

फल की तुड़ाई के बाद आवश्यकतानुसार फलों को किसी छायादार स्थान पर 2 से 3 दिन तक किसी टोकरी में रखकर भंडारित कर सकते हैं। इस दौरान फलों पर बीच–बीच में पानी का छिड़काव करना जरूरी होता है।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com